CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 123 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 26 मई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए ■ पृष्ठ : 8

## मोदी की अध्यक्षता में एनडीए की मुख्यमंत्री परिषद बैठक, सीएम भजनलाल शर्मा हुए शामिल

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)** । पीएम मोदी की अध्यक्षता में एनडीए की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में हरियाणा दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा शामिल हुए हैं। बीजेपी के अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि बैठक में जाति जनगणना को लेकर प्रस्ताव पेश किया गया। जातिगत जनगणना के प्रस्ताव से हमने स्पष्ट किया है कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते हैं। राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने भी दिल्ली में हुई एनडीए की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक से जुड़ी तस्वीरें एक्स पर साझा कीं। सीएम शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत, विकसित राजस्थान' के संकल्प की प्राप्ति के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इससे पहले सीएम ने एनडीए मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

122वें एपिसोड के खेलो इंडिया प्रतियोगिता में राजस्थान को पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर खिलाड़ियों को बधाई शुभकामनाएं दी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भी एनडीए की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक को लेकर एक्स पर पोस्ट किया। दिया कुमारी ने लिखा कि राजस्थान की हमारी सरकार माननीय प्रधानमंत्री की सोच और मार्गदर्शन में जनकल्याण, विकास और सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। हम सतत प्रयासरत हैं कि केंद्र सरकार की नीतियों के अनुरूप हर योजनाओं का लाभ आम जनता तक पारदर्शिता से पहुंचे, ताकि देश के प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## हिंदू मजबूत नहीं होगा, तो कोई नहीं करेगा उनकी चिंता: मोहन भागवत

**नई दिल्ली(एजेंसी.)**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कहा कि भारत के पास 'शक्तिशाली' होने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। आरएसएस से जुड़े प्रकाशन ऑर्गनाइजर के साथ एक विशेष साक्षात्कार में भागवत ने स्पष्ट किया कि - सुरक्षा की शुरुआत समाज से होती है, सिर्फ राज्य से नहीं।" उन्होंने हिंदू समाज की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि भारत की एकता ही हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज और भारत एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं, और जब हिंदू समाज सशक्त होगा, तभी भारत भी गौरव प्राप्त करेगा। उन्होंने पड़ोसी देश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, जब तक हिंदू समाज खुद मजबूत नहीं होगा, तब तक दुनिया में कोई उनके बारे में चिंता नहीं करेगा।

## मरूधरा में अंधड़- बारिश से तबाही, भिवाड़ी में मां बेटी की मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी में एक घर की दीवार गिरने से 21 साल की महिला सुमैया और उसकी एक साल की बेटी की मौत हो गई। हादसे में महिला का पति भी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीकानेर, सीकर और झुंझुनूं में आंधी की वजह से कई बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। इससे इन इलाकों में बिजली सप्लाई रुक गई। सीकर में आंधी के कारण एक बड़ा बिजली का टावर भी गिर गया। आंधी के कारण बड़े बड़े होर्डिंग्स भी बिजली की तारों पर गिर गए, जिससे कई जगह बिजली बंद हो गई। हालांकि कुछ इलाकों में बाद में बिजली की सप्लाई दोबारा शुरू कर दी गई। हनुमानगढ़ के नोहर में सबसे ज्यादा 53 मिमी बारिश हुई। झुंझुनूं के पिलानी में 49.8 मिमी, सीकर में 38 मिमी और तिजारा में 35 मिमी बारिश दर्ज हुई। शनिवार को बाड़मेर में सबसे ज्यादा तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 5.3 डिग्री ज्यादा था। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए चेतावनी दी है। जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर के लिए रेड अलर्ट है, जहां बहुत ज्यादा गर्मी पड़ेगी। जोधपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट और नागौर, पाली, जालोर, भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## डोटासरा संस्कारहीन, बोल रहे दुश्मन की भाषा: राठौड़

जयपुर टाइम्स

**पाली(निसा.)**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा में राष्ट्रभक्ति की कमी है। वे पीएम मोदी के बयान की भावनाओं को समझ नहीं पाए और गलत कमेंट कर पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। ऐसा कोई संस्कारहीन व्यक्ति ही कर सकता है। राठौड़ ने कहा कि गत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि उनकी रगों में गर्म सिंदूर बहता है। उनकी भावना थी कि वे आतंकवाद के खिलाफ हैं और देश की जनता की सुरक्षा के लिए हर दम तैयार खड़े हैं। लेकिन कांग्रेस नेता गोविंदसिंह डोटासरा ने बिना कुछ समझे जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शरीर में खून नहीं है। अगर खून होता तो डोनाल्ड ट्रंप चौधर नहीं करते। डोटासरा के इस बयान से साफ जाहिर होता है कि उनमें राष्ट्रभक्ति की कमी है। कोई संस्कारहीन व्यक्ति ही ऐसी बात कर सकता है। दरअसल 22 मई को चूरू में संविधान बचाओ रैली के दौरान डोटासरा ने पीएम मोदी के रगों में सिंदूर बहने वाले बयान पर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि मोदीजी अपने भाषण में कह रहे हैं कि उनके शरीर में खून नहीं है, सिंदूर दौड़ रहा है। सही है मोदीजी के शरीर में खून होता, तो ट्रंप चौधर नहीं करते। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रविवार को पाली में थे। उन्होंने यहां रोटरी क्लब में मीडिया से बात करते हुए डोटासरा के बयान पर हमला बोला। रोटरी क्लब में आयोजित प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात कार्यक्रम में आए भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में युद्ध सीमा पर ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी लड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बीकानेर में प्रधानमंत्री मोदी के बयान मेरी रंगों में गर्म खून बहता है। राठौड़ ने बताया कि उन्होंने सीमाओं का दौरा किया, वे सैनिकों से मिले। फलौदी में पाकिस्तान की एक 22 फीट लंबी रिफ्यूज मिसाइल खेत में गिरी। जिससे महज छह इंच का गड्?ढा हुआ। पाकिस्तान ने बिना किसी लक्ष्य के मिसाइलें दागी। विपक्ष की ओर से सीजफायर करने का सवाल बार-बार उठाया जा रहा है। इसका जवाब देते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि जो व्यक्ति तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके और गोपनीयता की शपथ ले चुके, वे भी देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे को लेकर सवाल-जवाब कर रहे हैं।

बेगस में रात्रि चौपाल आयोजित

## सीएम की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहे जयपुर कलक्टर जितेंद्र सोनी

### कलेक्टर की अपील पर 128 लोगों ने एक साथ किया 'गिवअप'

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी व संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई और त्वरित समाधान के लिए जयपुर जिले में नियमित जनसुनवाई व रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कालवाड़ तहसील की बेगस ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर की अपील पर 128 लोगों ने गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने की सहमति दी व 30 से अधिक लोगों ने पीएम सूर्यघर बिजली योजना का लाभ लेने का संकल्प लिया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उनकी परिवेदनाएं सुनीं। रात्रि चौपाल में प्रमुख रूप से पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा, पेंशन, पट्टे, राजस्व रिकॉर्ड शुद्धि, अतिक्रमण, श्मशान व खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से अधिकतर परिवादों का निस्तारण मौके पर किया गया। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों अधिकारियों को शेष परिवादों का समयबद्ध व प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने

के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर फीडबैक भी लिया व अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटियों से संबंधित मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इसके साथ-साथ किसानों को जागरूक करने के लिए खेती री बातां, कृषि पत्रिका के बारे में जानकारी दी गई और संबंधित विभाग को कृषि संबंधी नवाचारों से किसान जन को जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित परिवादों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ करने के लिए निर्देशित किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी राजेश जाखड़, तहसीलदार जयपाल सिंह सहित अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मनोरंजन के लिए ताश खेलना कदाचार नहीं', सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)**। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि जुआ अथवा सट्टेबाजी के उद्देश्य से परे केवल मनोरंजन के लिए ताश खेलना नैतिक अधमता, कदाचार नहीं है। कोर्ट ने कर्नाटक की एक सहकारी समिति में एक व्यक्ति के निर्वाचन को बहाल करते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि सरकारी पोर्सिलेन फैक्ट्री कर्मचारी आवास सहकारी समिति लिमिटेड के निदेशक मंडल में चुने गए हनुमंतरायप्पा वाईसी पर कथित तौर पर बिना किसी सुनवाई के इसलिए 200 रुपये का जुर्माना लगाया गया क्योंकि वह कुछ अन्य लोगों के साथ सड़क किनारे बैठकर ताश खेलते हुए पकड़े गए थे। पीठ ने कहा, 'हमें यह मुश्किल लगता है कि अपीलकर्ता के खिलाफ लगाए गए कदाचार में नैतिक अधमता शामिल है। यह सर्वविदित है कि नैतिक अधमता शब्द का इस्तेमाल कानूनी और सामाजिक भाषा में ऐसे आचरण का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जो स्वाभाविक रूप से नीच, भ्रष्ट हो या जिसका किसी प्रकार से भ्रष्टता से संबंध हो। हर वह कार्य जिसके खिलाफ कोई आपत्ति उठा सकता है, जरूरी नहीं कि उसमें नैतिक अधमता शामिल हो।' पीठ ने कहा, 'हनुमंतरायप्पा आदतन जुआरी नहीं हैं। ताश खेलने के कई रूप हैं। यह स्वीकार करना कठिन है कि इस तरह के हर खेल में नैतिक पतन शामिल होगा, खासकर जब इसे मनोरंजन और मन बहलाने के तौर पर खेला जाता है। दरअसल हमारे देश के अधिकांश हिस्सों में जुआ या सट्टेबाजी के बिना सरल तरीके से ताश खेलना एक गरीब आदमी के मनोरंजन के स्त्रोत के रूप में स्वीकार किया जाता है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हनुमंतरायप्पा को सहकारी समिति के निदेशक मंडल में सबसे अधिक मतों से चुना गया था और उनके चुनाव को रद करने की 'सजा' उनके द्वारा किए गए कथित कदाचार की प्रकृति के लिए अत्यधिक असंगत है। पीठ ने 14 मई के अपने आदेश में कहा था, उपर्युक्त कारणों से हम संतुष्ट हैं कि अपीलकर्ता के खिलाफ की गई कार्रवाई को बरकरार नहीं रखा ।जा

अमेरिका की खुफिया रिपोर्ट में खुलासा

## पाक के नापाक इरादेः विनाशकारी हथियारों की खरीद कर रहा पाकिस्तान

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली(एजेंसी.)**। अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट में भारत, चीन और पाकिस्तान की रक्षा नीति को लेकर कई दावे किए गए हैं। 2025 वर्ल्ड थ्रेट एसेसमेंट इस रिपोर्ट में चीन की लालची विस्तारवादी नीति और पाकिस्तान के सैन्य अकांक्षा पर रोशनी डाली गई है। संयुक्त राज्य अमेरिका की रक्षा खुफिया एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तान



भारत को अपने अस्तित्व के खतरा मानता है और अपनी परमाणु कैपेसिटी के विस्तार करने पर जोर डाल रहा है। इसमें चीन और तुर्किए उसका साथ दे रहे हैं। अमेरिका ने 'वार्षिक खतरे के आकलन 2025' में ष्ठद्ब ने खुलासा किया कि पाकिस्तान विदेशी सहयोगियों से सामूहिक विनाश के हथियारों जुड़ी चीजें हासिल कर रहा है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की ओर से लगातार परमाणु हथियार या सामूहिक विनाश के हथियार तैयार करने से क्षेत्रीय स्थिरता खतरे में आ सकती है। डीआईए की रिपोर्ट में कहा गया है कि मुमकिन है कि पाकिस्तान के डब्ल्यूएमडी कार्यक्रमों को समर्थन देने वाली विदेशी सामग्री और टेक्नोलॉजी चीन से हासिल की जाती हैं और कभी-कभी हांगकांग, सिंगापुर, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात की ओर से भी भेजी जाती हैं। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन और पाकिस्तान की सैन्य जुगलबंदी से भारत को सामरिक खतरा पैदा हो रहा है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रक्षा नीति वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करने पर है। इसके अलावा भारत की प्राथमिकता चीन का सामना करने और भारत की सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, चीन को अपना मुख्य प्रतिद्वंद्वी मानता है, जबकि पाकिस्तान को एक सीमित सिक्योरिटी प्रॉब्लम की तरह देखता है, जिसे काबू में रखा जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच सीमा पार गोलीबारी और मिसाइल हमलों के बावजूद भारत की रणनीति में चीन को ही प्राथमिक खतरे के तौर पर देखा जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है। भारत अपने घरेलू रक्षा उद्योग का निर्माण करने, आपूर्ति श्रृंखला की चिंताओं को कम करने और अपनी सेना का आधुनिकीकरण करने के लिए इस साल भी अपनी मेड इन इंडिया पहल को बढ़ावा देता रहेगा।

जयपुर, दौसा और बूंदी में हादसे

## हादसों का रविः अलग- अलग घटनाओं में तीन की मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। प्रदेश में रविवार को सड़क हादसों 3 लोगों की मौत हो गई। अलग-अलग जगह पर ये सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें जयपुर, दौसा और बूंदी शामिल है। इन हादसों में चार लोगों की जान चली गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जयपुर ग्रामीण के आमेर इलाके में जमवाराम गढ़- जयपुर स्टेट हाइवे पर लालावास के पास एक भयानक हादसा हुआ। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। नगर निगम के टैंकर ने बाइक सवार मनमोहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक टैंकर में फंस गई और काफी दूर तक घसीटती गई। वह आंधी के गांवली गांव का रहने वाला था और



### दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत

बूंदी के हट्टीपुरा स्टेट हाइवे पर भीलवाड़ा-बिजौलिया मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में भीलवाड़ा के जलसिंह का खेड़ा निवासी हिम्मत सिंह की मौत हो गई। उनकी मां कैलाशी बाई सहित इंदरगढ़ के अमित और बूंदी के राजू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बाइकें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलों को बूंदी अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें कोटा रैफर किया गया। पुलिस ने यातायात बहाल कर जांच शुरू की। इन हादसों ने सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। तेज रफ्तार और लापरवाही इन मौतों का कारण बनी। प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग हो रही है।

जयपुर में एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और जांच शुरू कर दी।

दौसा के सैंथल थाना क्षेत्र में बांसडी बाइपास पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार चाचा जगमोहन मीणा और उनके भतीजे पवन को टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों को दौसा जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और मामले की जांच शुरू की।

CMYK

# पत्रकार सुनील बिज्जू के निधन पर मीडिया की श्रद्धांजलि सभा आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार और दैनिक अरुणप्रभा समाचार पत्र के संपादक सुनील माथुर (बिज्जू) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका रविवार को भूरासिद्ध स्थित श्मशान घाट पर अंतिम-संस्कार हुआ। सुनील बिज्जू के निधन से पत्रकार जगत को काफी क्षति हुई है। राजस्थान श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा ने बताया कि सुनील बिज्जू का अलवर जिले की पत्रकारिता में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे आकाशवाणी, दूरदर्शन, दैनिक नवज्योति सहित अन्य संस्थान से जुड़े रहे और करीब 35 वर्षों से दैनिक समाचार पत्र अरुण प्रभा में संपादक के तौर पर अपनी जिमेदारी निभा रहे थे। उनके आकस्मिक निधन पर सोमवार को मीडिया की ओर से सुबह 11 बजे नवीन सूचना केंद्र पीआरओ ऑफिस में शोकसभा का आयोजन किया गया है। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता और परिजन मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ऑफ अलवर 2026-27 के अध्यक्ष पद की घोषणा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** रोटरी क्लब अलवर की साधारण सभा का आयोजन 24 मई 2025 को किया गया, जिसमें रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष दीपक कट्टा द्वारा सदन में रोटरी वर्ष 2026-27 के लिये रोटेरियन नीलू जैन को निर्विरोध अध्यक्ष पद चयन की घोषणा की गयी। जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने पुष्प प्रदान कर 2026-27 अध्यक्ष पद के लिये ताली बजाकर स्वागत किया।

# केंद्रीय वन मंत्री ने कठूमर विधायक खिंची की माता के निधन पर जताई शोक संवेदना

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को कठूमर विधायक रमेश खिंची के कठूमर के गांव अखेगढ स्थित निवास स्थान पर जाकर उनकी माता के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। उल्लेखनीय है कि कठूमर विधायक रमेश खिंची की 98 वर्षीय माता कौशल्या देवी का निधन 21 मई को उनके पैतृक गांव अखेगढ में हो गया था। कौशल्या देवी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई हैं जिसमें चार पुत्र व दो पुत्रियां हैं। इसके पश्चात मंत्री यादव ग्राम झागडा में दिवंगत बालक के शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देकर ढाढस बंधाकर परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि इस प्रकरण में पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को निरूद्ध किया है। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व केबिनेट मंत्री हेमसिंह भडाणा, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, बन्नाराम मीणा व संजय नरूका सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

# ब्राह्मण समाज ने निकाली भगवान परशुराम शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निस.)** रविवार को ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम शोभायात्रा बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ हुआ। शोभायात्रा को जिला ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष विशम्बर दयाल वशिष्ठ व राजगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा कस्बे के श्री ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर गोविंद देव बाजार, चौपड़ बाजार, बस स्टैंड होते हुए श्री ब्राह्मण धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा में भगवान परशुराम, राम दरबार, शंकर भगवान की मनमोहक झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा शीतल जल व ठण्डाई की व्यवस्था की गई। इस दौरान राजगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, सचिव मनोज जैमन, संत ज्ञानेश्वर शर्मा, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मनोज जैमन, ऋतुराज मिश्रा, मुकेश मंडवारी,नरेन्द्र शर्मा, दिनेश बोहरा, कालू शर्मा,महेश पटेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

# सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' ग्राम पंचायत लिली व पाटन (बिणजारी) में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## केंद्रीय मंत्री एवं अलवर सांसद ने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

## विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने अलवर ग्रामीण क्षेत्र के गांव लिली के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लिली में ग्राम कलसाडा, लिली व मालाखेडा एवं ग्राम बिणजारी के स्कूल में पाटन, छिलोडी, बिलेटा व राजपुर छोटा के लिए अपने अभिनव नवाचार 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' का आयोजन कर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी परिवेदनाओं को सुनकर मौके पर ही उनका निस्तारण किया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु जागरूक किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि सांसद संपर्क, संवाद यात्रा एवं धन्यवाद कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव तक पहुंचकर ग्रामवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं के समाधान करने के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित कराने के लिए यह कार्य निरन्तर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि विषयों पर समन्वित प्रयास करने के साथ विकास को गति प्रदान की जाएगी। उन्होंने जिले में डेयरी को मजबूत करने के लिए 300 करोड रूपये की लागत से 5 लाख लीटर क्षमता का नवीन संयंत्र लगाने के बारे में बताते हुए कहा कि डेयरी को भ्रष्टाचार मुक्त करने की दिशा में काम किया जा रहा है। डेयरी को सशक्त कर किसानों की आमदनी बढाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से पशुओं की नस्ल में सुधार का कार्य किया जाएगा तथा जिले के किसानों को उन्नत बीज निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने जिले में आधुनिक शिक्षा के लिए डिजिटल लाइब्रेरी, खेलों में बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए सांसद खेल उत्सव आदि कार्यों के बारे में विस्तार से बताया तथा जिले को टीबी मुक्त करने के लिए सबकी सहभागिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना का लाभ उठाकर न केवल जीरो बिजली बिल किया जा सकता है बल्कि इससे अतिरिक्त आय भी होगी।

### फूलमालाओं के स्थान पर पुस्तकें ली और स्कूल को भेंट की

यादव ने उनके सार्वजनिक कार्यक्रमों में नागरिकों के द्वारा किए जाने वाले अभिनन्दन व स्वागत में फूलमाला व साफे की जगह उपयोगी पुस्तकें स्वीकार करने की अभिनव पहल के तहत उन्होंने ग्रामीणों से पुस्तकें लेकर सरकारी स्कूल की लाइब्रेरी के लिए प्रधानाचार्य को भेंट की। उन्होंने कहा कि फूलमालाएं कुछ समय पश्चात अनुपयोगी हो जाती है। उसी राशि से उपयोगी पुस्तकें भेंट की जाए जिनका उपयोग लम्बे समय तक युवा कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मांगलिक आयोजनों के अवसर पर सरकारी स्कूल के पुस्तकालय के लिए पुस्तकें या उसके लिए राशि भेंट करें ताकि इनका लम्बे समय तक ज्ञान अर्जन के लिए इनका उपयोग हो सके।

### इन विकास कार्यों का किया लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री यादव ने ग्राम पंचायत लिली के मिनी सचिवालय, इंटर लॉकिंग सडक निर्माण कार्य अधूरी इंटर लॉकिंग सडक से सोता का बास स्कूल की ओर एवं इंटर लॉकिंग सडक निर्माण कार्य झारिया जाटव के घर से सोता का आस स्कूल की ओर का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्राम बिणजारी से काठवाडी होकर पिनान मिसिंग लिंक सडक बनवाने की घोषणा की।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच देंगे खिलाडियों को प्रशिक्षण

यादव ने कहा कि अलवर सांसद खेल उत्सव के आयोजन युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढने के लिए एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया है जो निरन्तर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इन खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले लडके-लडकियों में से चयनित करीब 750 खिलाडियों को दो चरणों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोचेज के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जाएगा जिसमें प्रथम चरण 1 जून से 10 जून तक व द्वितीय चरण 11 जून से 20 जून तक रहेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि इस बार अलवर टाइगर मैराथन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन कराया जाएगा।

### टी.बी. मुक्त गांव का दिलाया संकल्प

प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत योजना के तहत ग्राम पंचायत कलसाडा को टी.बी. मुक्त घोषित किया गया है। उन्होने कहा कि अलवर जिले को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए निरन्तर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत मरीजों की जांच कर उनका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है इस योजना के तहत प्रत्येक टी.बी. रोगी को पोषणयुक्त खुराक हेतु प्रत्येक माह उनके खातो में 1000 रूपये डाले जा रहे है साथ ही पोषण किट आदि प्रदान किये जा रहे है इसके लिए उन्होने ग्रामीणों को उक्त योजना के माध्यम से अपने गांव को टी.बी. मुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना, संवाद कर योजनाओं के लाभ लिया फीडबैक

*उन्होंने सांसद सम्पर्क यात्रा में ग्रामीणों की पेयजल, विद्युत, सडक आदि से संबंधित परिवेदनाओं को संवेदनशीलता से उनके गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की परिवेदनाओं को शीघ्र निराकरण कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद व्यक्ति को लाभांवित करने हेतु सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है इनका जागरूक रहकर न केवल स्वयं लाभ उठाए बल्कि अन्य जरूरतमंद व्यक्ति को भी इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु जागरूक करें। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव व वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने ग्राम केसरपुर में आयोजित भागवत कथा व ओम शिव परिवार मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत कर कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सामाजिक समरसता व भाईचारे को बढावा मिलता है। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, मालाखेडा प्रधान वीरमती देवी, उमरैण प्रधान दौलतराम जाटव, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी मालाखेडा नवज्योति कांवरिया, उपखण्ड अधिकारी राजगढ हरकेश मीणा, संजय नरूका, घनश्याम गुर्जर, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, ऋषिराज शर्मा, देशराज खरेरा, जितेन्द्र शर्मा, प्रेम पटेल, श्रीकान्त शेखावत, प्रमोद विजय सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।*

# ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने सिरोही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की जनसुनवाई

## विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण, पट्टों का वितरण भी किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने रविवार को सिरोही जिले के विभिन्न पंचायत समिति क्षेत्रों में जनसुनवाई की साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री देवासी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में विकास कार्य करवाएं जा रहे है। जनसुनवाई के माध्यम से ग्राम पंचायत वार अपेक्षित कार्यों की जानकारी ली जा रही है साथ ही ग्रामीणों से उनकी परिवेदनाएं सुनके निस्तारण किया जा रहा है। राज्य मंत्री देवासी को अपने बीच पाकर ग्रामीण भी बेहद उल्लासित एवं उत्साहित नजर आए। राज्य मंत्री देवासी का ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों द्वारा जोर शोर से स्वागत भी किया गया।

सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सड़क निर्माण कार्य, पुलिया मरम्मत कार्य सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न लाभार्थियों को पट्टा वितरण भी किया गया। जिसे प्राप्त कर लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य मंत्री देवासी एवं प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात, निकाली तिरंगा रैली

जयपुर टाइम्स

**राजगढ(निसं.)** भाजपा मंडल राजगढ़ की ओर से रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण को सुना। इसके पश्चात तिरंगा रैली का आयोजन राजगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित एवं विधानसभा संयोजक प्रेमनाथ धामानी के नेतृत्व में निकाली गई। रैली का शुभारंभ माताजी का नाला कॉलेज के पीछे से हुआ। रैली में कार्यकताओं ने भारत माता की जयघोष करते हुए चल रहे थे। रैली में प्रमोद शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, शक्ति केंद्र प्रमुख लोकेश रावत, उमेश मंडावरा, लोकेश उपाध्याय, प्रेम नारायण मीणा, अशोक शर्मा, बाबूलाल शर्मा, पार्षद गौरव कसेरा, पार्षद रूप नारायण मीणा, फूलचंद प्रजापत मोहन लाल मीणा पूर्व पार्षद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नेता प्रतिपक्ष जूली ने जनसमस्या सुनी ओर प्रदेश सरकार पर लगाए अनदेखी के आरोप

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर अपने दिल्ली दौरे से पहले जनसुनवाई की, इस दौरान बड़ी संख्या में अपनी परिवेदनाएं लेकर पहुंचे लोगों कि समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें आश्वस्त किया। जूली बोले देश और प्रदेश के हालात खराब है और देश के पीएम मन की बात कर रहे हैं और प्रदेश के मुखिया दिल्ली में हाजिरी लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता पानी और बिजली जैसी समस्याओं से जूझ रही है और यहां के सांसद और विधायक एक साथ बैठकर मन की बात सुन रहे हैं। जूली ने कहा कि मन की बात सुननी है तो अलवर की जनता के मन की बात सुनो वह आपके राज में बहुत परेशान हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अलवर की जनता के मन की आवाज सुनने के लिए आपके पास वक्त नहीं है, लेकिन पीएम को सुनने के लिए आपके पास समय है,अच्छी बात है,आपकी पार्टी के बड़े नेता हैं और देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन स्थानीय जनता ने आपको बड़ी उ मीद के साथ चुनकर जनप्रतिनिधि का एक प्रमुख भार सौंपा, जिस पर आप खरे नहीं उतर पा रहे हैं, केवल बयान बाजी से जनता की प्यास और बिजली आपूर्ति की समस्या को हल नहीं किया जा सकता।

बारिश ने खोली नगर निगम की पोल नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि नौतपा से पहले एक दिन पूर्व आई बारिश ने नगर निगम की पोल खोल कर रख दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का दम भरने वाली भारतीय जनता पार्टी के राज में अलवर की सड़कों पर चारों तरफ नाले से निकला कचरा ही नजर आ रहा है जिससे आम आदमी बेहद परेशान है पूरा शहर एक टापू के रूप में नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व एक बारिश ने ही पूरे सरकारी सिस्टम को डुबोकर रख दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के शहर विधायक और महापौर होने के बावजूद भी अलवर शहर की जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। नगर परिषद से नगर निगम में क्रमोन्नत होने के बाद भी अलवर शहर की जनता को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।उन्होंने कहा कि स्टेट, सेंटर व निगम का बोर्ड बीजेपी का है फिर भी जनता अपनी समस्याओं के लिए दर-दर की ठोकरे खा रही है। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि आएगा पानी, आएगा पानी की सरकार के नुमाइंदे दुहाई दे रही है, बिजली तंत्र जल्द होगा मजबूत, आखिर कब तक यह जनता आपके यह जुमले सुनते रहेगी।

उन्होंने कहा कि धरातल पर जाकर काम कीजिए, ईआरसीपी आखिर कब तक अलवर की जनता की प्यास बुझाएगी, यह सार्वजनिक कीजिए ताकि लोगों को भी यह पता लगे की कुछ काम किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के मंत्री और विभागीय अधिकारी जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। अलवर की जनता ने जिस उम्मीदों से इन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना यह अपने वादों पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं।

## शनि जयंती पर पुराना फुलेरा शनि मंदिर में भव्य मेला, न्याय यात्रा व जागरण का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** कस्बे के पुराना फुलेरा स्थित शनि मंदिर पर फुलेरा जनकल्याण सेवा समिति की ओर से शनि जयंती के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दो दिवसीय रहेगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक कार्यक्रमों की विशेष श्रृंखला आयोजित की गई है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवार को सुबह 8.30 बजे से रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं मंगलवार को लीलाधर की बगीची से शुरू होकर शनि मंदिर (पुराना फुलेरा) तक शनि देव की न्याय यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जलाभिषेक हेतु जल कलश लेकर श्रद्धालु शामिल होंगे। यह जलाभिषेक दिनभर चलेगा। मेले में नंदी की सवारी, हनुमानजी, भगवान भोलेनाथ, बंदर, भालू व शनि देव की जीवन्त व चलित झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगी। समिति ने क्षेत्रवासियों से मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## मनीष स्वामी ने पास की सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा(गणित)

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** क्षेत्र के प्रतिभाशाली मनीष स्वामी ने प्रतिष्ठित सीएसआईआर-यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मनीष की इस सफलता से उनके परिवार, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। मूल रूप से दूनवास मुंडावर (खैरथल तिजारा ) हाल पावटा निवासी मनीष स्वामी ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। वे विज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य को लेकर समर्पित हैं और आगे प्रोफेसर बनने की दिशा में अग्रसर हैं।इस उपलब्धि पर मनीष ने अपने शिक्षकों, माता-पिता और मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य पाया जा सकता है।क्षेत्र के प्रबुद्धजनों और जनप्रतिनिधियों ने भी मनीष की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लाइफ केयर क्लब जयपुर द्वारा हेल्थ सेमिनार और निःशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन

जयपुर टाईम्स

**चाकसू(निसं.)।** चाकसू निमोडिया रोड स्थित अपनत्व फ्यूचर जोन एकेडमी में लाइफ केयर क्लब, जयपुर द्वारा हेल्थ सेमिनार और निःशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। भवानी सिंह ने बताया कि जिसमें 50 से अधिक लोगों ने अपना चिकित्सा जांच करवाया और कैसे हम डॉक्टर फ्री लाइफ जी सकते हैं उसके बारे में जाना। इस चेकअप कैंप में जयपुर से लाइफ केयर क्लब के प्रतिनिधि और सीनियर वेलनेस कोच अमित खंडेलवाल, सुरभि गुप्ता, ज्योति खंडेलवाल पधारे, और उन्होंने इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हमारे ब्रेकफास्ट को बदलाव कर किस तरीके से हेल्दी लाइफ को जीया जा सकता है उसके बारे में अवगत कराया। ढाई घंटे के इस सेशन में चाकसू के ही वेलनेस कोच हरिशंकर गौतम एवं अपनत्व फ्यूचर जॉन एकेडमी के भवानी सिंह भी उपस्थित रहे। इस चिकित्सा शिविर में बीमारियों से और डॉक्टर से दूर रहने के उपाय हेल्दी लाइफ़स्टाइल और योग से व्यायाम से बीमारियों को दूर करने के तौर तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## केसरी वीर फ़िल्म के प्रमोशन के लिए बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी जयपुर पहुँचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** फ़िल्म अभिनेता सुनील शेट्टी का गुलाबी नगरी जयपुर आने पर माला दुप्पटा गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया! इस मौक़े पर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत , होटल शकुन के डायरेक्टर जे.डी.माहेश्वरी , रामाज रिसोर्ट और कुर्तीस के एम.डी.मोहित टेलर, समाज सेवी अभिषेक गुप्ता, जगदीश टेलर आदि मौजूद रहे।

# नवाचारों से लबालब आरसीडीएफ, नंबर वन बनने का जुनून

### अपनी सरकारी सेवा में नवाचारों के लिए मशहूर श्रुति भारद्वाज की अगवाई में आरसीडीएफ की ऊंची उड़ान, डेयरी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़ी उपलब्धियां आरसीडीएफ के अकाउंट में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विभिन्न डिपार्मेंटों में विभिन्न पदों पर अपने नवाचारों के लिए विशेष पुरस्कार हासिल कर चुकी आरसीडीएफ की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रुति भारद्वाज के नेतृत्व में डेयरी क्षेत्र में आरसीडीएफ बुलंदियां छू रहा है, हालांकि भारद्वाज से पहले सुषमा अरोड़ा की अगवाई में भी आरसीडीएफ ने देश भर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करके कई बड़े पुरस्कार हासिल किए थे, अरोड़ा के तबादले के बाद अब श्रुति भारद्वाज की अगवाई में आरसीडीएफ का प्रदर्शन दुग्ध संकलन, विपणन, वितरण, श्रेष्ठ गुणवत्ता, पशुपालकों का कल्याण, महिला पशुपालकों की भलाई इत्यादि क्षेत्र में अब तक का श्रेष्ठ प्रदर्शन तो किया ही है इसके अलावा राजस्थान और अन्य राज्यों के उपभोक्ताओं के दिलों में भी सरस के प्रोडक्ट अलग मुकाम बना लिए हैं,

चाहे शुद्ध प्रॉफिट की बात हो या फिर टर्नओवर की हर क्षेत्र में अपनी स्थापना के 47 साल में आरसीडीएफ पहली बार टॉप पर नजर आया है, वित्तीय वर्ष 2024 25 में आरसीडीएफ का शुद्ध प्रॉफिट 400 करोड़ पहुंच गया जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में करीब 34% ज्यादा है इसी तरह से वित्तीय वर्ष 2024 में आरसीडीएफ का टर्नओवर 10000 करोड़ के करीब पहुंचा जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना से करीब 15.40% ज्यादा है इसी तरह से सारस की की बिक्री में भी 21% का इजाफा हुआ है । यह अभूतपूर्व प्रदर्शन आरसीडीएफ की कुशल प्रबंधन और नवाचारों की नीति का परिणाम है जिसकी वजह से अब ऐसा लगने लगा है कि

आरसीडीएफ बहुत जल्दी ही डेयरी क्षेत्र में पूरे देश में नंबर वन बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है, पिछले दिनों जब आरसीडीएफ के परिसर में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में आरसीडीएफ की प्रबंध निदेशक श्रुतिभारद्वाज ने आरसीडीएफ की उपलब्धियां पर प्रकाश डालकर आरसीडीएफ की आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम मेंमौजूद सरकार के दो मंत्रियों जोराराम कुमावत और जवाहर सिंह को पक्का भरोसा दिलाया था कि आरसीडीएफ और आरसीडीएफ से जुड़े सभी जिला दुग्ध संघ "सरस" अब बहुत जल्दी ही "अमूल" और "नंदिनी"डेयरी को पीछे छोड़कर नंबर वन बनने के लिए पूरी शिद्दत औरजुनून से जुटा हुआ है, इसके लिए आरसीडीएफ और आरसीडीएफ से जुड़े सभी जिला दुग्धसंघ ऑफिसर्स और कर्मचारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने काम को अंजाम दे रहे हैं और प्रदेश के दूर दराज के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले पशुपालकों और कृषकों के साथ रोजाना संपर्क में रहते हैं उनकी समस्याओं को मैं केवल सुना जाता है बल्कि उनके निवारण के प्रयास भी किए जाते हैं पशुपालकों को आरसीडीएफ परिवार के मेंबर की तरह मानता है और पशुपालकों के सर्वांगीण विकास के लिए भी आरसीडीएफ ने अपनी तरफ से कई तरह की सौगातें और सुविधाएं भी प्रदान की है जिसकी वजह से पशुपालक भी आरसीडीएफ को अपना परिवार मानने लगा है जिससे दूध का उत्पादन तो बढ़ता ही है इसके अलावा दूध और दूध से निर्मित सभी तरह के उत्पादों के उत्पादन में भी निरंतर वृद्धि हो रही है जो आरसीडीएफ के कारोबार में चार चांद लग रही है ।

## नवाचारों की मास्टरमाइंड है श्रुतिभारद्वाज, मिल चुका है राज्य स्तरीय पुरस्कार

आरसीडीएफ की प्रबंध निदेशक श्रुति भारद्वाज की गिनती भारतीय प्रशासनिक सेवा के कर्मठ, इमानदार और साफ़ छवि वाले अधिकारियों में होती है, भारद्वाज अब से पहले जल संसाधन विभाग में जॉइंट सेक्रेटरी, जयपुर विकास प्राधिकरण में एडिशनल कमिश्नर, स्टेट इंश्योरेंस फॉर पीएफ विभाग में मैनेजिंग डायरेक्टर, निरस्त हो चुके नीम का थाना जिले के कलेक्टर और कई जगहों पर एसडीएम पद पर रह चुकी हैं तथा आरसीडीएफ के प्रबंध निदेशक बनने से पहले डीग जिले के कलेक्टर पद पर तैनात थी भारद्वाज के बारे में ब्यूरोक्रेसी में चर्चा है कि जिस भी डिपार्टमेंट में जिस भी पद पर नियुक्त होती हैं वहां अपने स्तर पर नए प्रयोग और नए नवाचारों से डिपार्टमेंट की कार्यशैली को गतिशील बना देती हैं जिसका लाभ आम जनता को भी मिलता है इसलिए उनके नवाचारों को देखते हुए ही उन्हें नवाचारों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार भी बहुत पहले मिल चुका है और अब भी जहां भी जिस भी पद पर नियुक्त होती हैं वहां अपने नवीन प्रयोगों और नवाचारों से डिपार्टमेंट की कार्यशैली में गतिशीलता ला देती हैं जिससे उनके काम करने के अंदाज और व्यवहार से स्टाफ के लोग तो प्रभावित होते हैं ही इसके अलावा पब्लिक को भी काफी फायदा होता है यही वजह है कि जिला कलेक्टर पद पर रहते हुए भी उनके काम से जिले के लोग काफी खुश और प्रभावित हुए अब आरसीडीएफ की प्रबंध निदेशक बनने के बाद आरसीडीएफ में भी अपने नवीन प्रयोगों और नवाचारों के माध्यम से आरसीडीएफ और आरसीडीएफ से जुड़े सभी जिला दुग्ध संघ की कार्यशैली में पहले की तुलना में और गतिशीलता ही है जिसकी वजह से लगातार उत्पादन तो बढ़ ही रहा है इसके अलावा बिजनेस के बढ़ने से प्रॉफिट मैं भी तेजी से वृद्धि आई है ग्र प्रबंध निदेशक पद पर काम संभालने के बाद में प्रतीक भारद्वाज ने सबसे पहले सरस के प्रोडक्टों की श्रेष्ठ गुणवत्ता पर पूरा फोकस रखा गुणवत्ता में किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाए और हर हाल में ग्राहक को शुद्ध उत्पाद उपलब्ध करवाया जाए यह संकल्प लेकर भारद्वाज आरसीडीएफ को विकास के ट्रैक पर तेजी से दौड़ने का प्रयास कर रही हैं इसके अलावा सरस के नाम पर मिलावटी सामान बेचने वालों पर अंकुश लगाने के लिए सरस के प्रोडक्ट पैक पर विशेष क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है, दूध से निर्मित होने वाली मिठाइयों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है, दूध संकलन केंद्र की संख्या बढ़ाई जा रही है, पशुपालकों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से भी पशुपालकों को प्रति लीटर ?5 की सब्सिडी दी जा रही है जिसके तहत आरसीडीएफ की ओर से करीब 400 करोड रुपए पशुपालकों को वितरित भी किया जा चुके हैं, आरसीडीएफ में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो इसके लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं, ऐसे अनेकों नए कदम आरसीडीएफ की ओर से उठाए गए हैं जिसकी वजह से आरसीडीएफ का बिजनेस दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है

## जयपुर जिला कलक्टर की अपील पर 128 लोगों ने एक साथ किया 'गिवअप'

### झोटवाड़ा पंचायत समिति के बेगस में आयोजित हुआ रात्रि चौपाल कार्यक्रम

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

### समस्याओं का हुआ समाधान तो फरियादियों के चेहरे पर खिली मुस्कान

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई और त्वरित समाधान के लिए जयपुर जिले में नियमित जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कालवाड़ तहसील की बेगस ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर की अपील पर 128 लोगों ने गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाने की सहमति दी एवं 30 से अधिक लोगों ने पीएम सूर्यघर बिजली योजना का लाभ लेने का संकल्प लिया। रात्रि चौपाल कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उनकी परिवेदनाएं सुनीं। रात्रि चौपाल में प्रमुख रूप से पेयजल, विद्युत, सड़क, चिकित्सा, पेंशन, पट्टे, राजस्व रिकॉर्ड शुद्धि, अतिक्रमण, श्मशान एवं खेल मैदान हेतु भूमि आवंटन से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए जिनमें से अधिकतर परिवादों का निस्तारण मौके पर किया गया। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों अधिकारियों को शेष परिवादों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति को लेकर फीडबैक भी लिया एवं अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। रात्रि चौपाल के दौरान राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटियों से संबंधित मामलों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इसके साथ-साथ किसानों को जागरूक करने के लिए खेती री बातां, कृषि पत्रिका के बारे में जानकारी दी गई, एवं संबंधित विभाग को कृषि संबंधी नवाचारों से किसान जन को जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित परिवादों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ करने के लिए निर्देशित किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी श्री राजेश जाखड़, तहसीलदार श्री जयपाल सिंह सहित अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वाटर कूलर का समस्त ग्राम वासियों द्वारा किया शुभारंभ

### भीषण गर्मी में लोगों को मिलेगा ठंडा पानी कहा - यह पुण्य का काम है

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निसं.)।** ग्राम पंचायत लाखना के समस्त श्रीरामपुरा गांव के आड़े गेला बाबा लाखना रोड पर वाटर कूलर लगाया गया जिसका शुभारंभ सभी ग्राम वासियों द्वारा किया गया, समाज सेवक मोहनलाल प्रजापत ने बताया की वाटर कूलर लगने से लोगों को भीषण गर्मी में पीने के पानी की सुविधा मिलेगी , इस भीषण गर्मी में लाखना रोड आड़े गेला बाबा मन्दिर पर लोगों को पीने के पानी की सुविधा नहीं थी , उन्होंने कहा की अधिक से अधिक लोगों को इस गर्मी के मौसम में जगह-जगह वाटर कलर लगाना चाहिए जिससे आमजन को पीने के पानी के लिए परेशानी नहीं हो इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है इस अवसर पर मुख्य अतिथि मोजूद रहे ,नाथूलाल शर्मा (भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत लाखना ) मोहनलाल प्रजापती (बगरू विधानसभा ओबीसी अध्यक्ष),शंकर लाल शर्मा (सदस्य अखिल भारतीय बागड़ा महासभा)बंशी लाल शर्मा (पूर्व चेयरमैन सांगानेर),घनश्याम चौपड़ा, जगदीश प्रजापत (ईकाई अध्यक्ष लाखना पंचायत), राजेश पंडित जगतपुरा, प्रहलाद शर्मा, रामदयाल बैरवा, मनोज प्रजापत,किशन प्रजापत,लोकेश प्रजापत , मनोज प्रजापत, कैलाश प्रजापत,मिडिया प्रभारी दिनेश प्रजापत आदि मौजूद रहे।

## जसरासर के सरकारी स्कूल का परिणाम शानदार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले के जसरासर के शहीद हैड कानि. पाल सिंह राउमावि के बारहवीं का परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय शिक्षकों का आभार जताया है। प्राचार्य सुनीता दादरवाल ने बताया कि परीक्षा में शामिल हुए 33 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थी प्रथम और 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 8 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय की छात्रा

ममता कंवर पुत्री सुरेंद्र सिंह 93.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही है। इसी प्रकार मनीषा राठौड़ ने 86.20 प्रतिशत, सचिन मेघवाल ने 85.80 प्रतिशत, रिताक्षी ने 82.20 प्रतिशत और नूतन कंवर ने 82.20 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। दस बालिकाओं ने गार्गी पुरस्कार की पात्राता हासिल की है। विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले दिनों में विद्यालय का स्तर और अधिक बेहतर होगा और यहां के बच्चे इतिहास रचेंगे।

भारतीय सेना के शौर्य को नमन

## गांडीव स्टेडियम से चित्रकूट स्टेडियम तक तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन, देश का प्रत्येक नागरिक एक सैनिक है- कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़

जयपुर टाईम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और वीरता को सम्मान देने के उद्देश्य से रविवार को जयपुर के गांडीव स्टेडियम से चित्रकूट स्टेडियम तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व राजस्थान के सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। यह तिरंगा यात्रा देश की सुरक्षा में जुटे वीर जवानों और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सभी सशस्त्र बलों को समर्पित थी। इसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वीर नारियाँ, उनके परिजन एवं युवाओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को हाथों में लेकर 'भारत माता की जय' और 'वीर जवान अमर रहें' के नारों से वातावरण

गुंजायमान हो उठा। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि हमें गर्व है कि हमारे देश के सैनिक सीमाओं पर अडिग रहकर देश की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यात्रा में शामिल सभी पूर्व सैनिक, उनके परिजन एवं युवाओं महिलाओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक एक सैनिक है। जो राष्ट्र को मजबूत करने में योगदान देता है। कर्नल राठौड़ ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और देश के सैनिकों को आतंकवाद खत्म करने की स्वतंत्रता देने के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी के साथ उन्होंने सेना के जज़्बे को भी सलाम किया। इस अवसर पर सांसद मदन राठौड़ ने भी यात्रा में भाग लेकर सभी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के अदम्य साहस और त्याग को श्रद्धांजलि देने का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना, शहीदों के बलिदान को याद करना और समाज को एकजुट कर देश के प्रति समर्पण की भावना को प्रबल करना था। यात्रा का समापन चित्रकूट स्टेडियम में राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# जलवायु परिवर्तन पर जुबानी जमाखर्च

*मराकेश जलवायु सम्मेलन में 'सोलर अलायंस' पर हस्ताक्षर हो गए। लेकिन बड़े देशों की उदासीनता से कई सवाल भी अब खड़े हो गए हैं। सोलर अलायंस का मकसद सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना और इसका उत्पादन बढ़ा कर इसकी कीमत कम करना है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस गठजोड़ या करार की उपयोगिता जाहिर है। लेकिन विशेषज्ञों की बातों पर गौर किया जाए तो इस अलायंस को लेकर सबसे बड़ी चिंता धन और तकनीक को लेकर बनी हुई है। असल में सोलर अलायंस को लेकर अब तक फंड की कोई रूपरेखा भी तैयार नहीं हुई है। भारतीय विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक बड़े विकासशील देश इसका हिस्सा नहीं बनेंगे तब तक फंड की दिक्कत बनी रहेगी। यहां यह बताना भी जरूरी है कि बहुत-से गरीब देश इस अलायंस में केवल मदद की उम्मीद से शामिल हुए हैं। भारत का भी इस बारे में स्पष्ट पक्ष है कि नई तकनीक और नए अनुसंधान की जरूरत*

संयुक्त राष्ट्र की बैठक में करीब दो सौ देशों ने एक स्वर में मराकेश कार्य-घोषणा पर अपनी मुहर लगाई है और यह संकल्प भी पारित किया कि ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम करना होगा। सम्मेलन ने पेरिस समझौते, इसके तेजी से क्रियान्वयन, महत्त्वाकांक्षी लक्ष्यों, समावेशी प्रकृति और समान व साझी लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों और अपनी-अपनी क्षमताओं के साथ जलवायु परिवर्तन से होने वाले जोखिम से निपटने के लिए कार्रवाई करने की रणनीति को अंतिम रूप दिया है। संयुक्त राष्ट्र की पहल पर हुए सम्मेलन ने वर्ष 2018 तक पेरिस जलवायु करार को लागू करने की कार्ययोजना को पारित कर एकजुटता दिखाने की कोशिश की है। गौरतलब है कि यह ऐतिहासिक पहल उस वक्त की गई है जब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस करार से अमेरिका के अलग हो जाने का इरादा जताया है। जलवायु शिखर सम्मेलन में इस जोर दिया गया कि विकसित देश क्योटो प्रोटोकाल में तय अपनी-अपनी प्रतिबद्धताओं के अनुरूप उत्सर्जन कम करने के लिए जल्द और जरूरी कदम उठाएं। क्योटो प्रोटोकाल वर्ष 2020 में समाप्त होगा। मराकेश सम्मेलन का इरादा तो निश्चित रूप से नेक है लेकिन कई अहम मुद्दों पर कामयाबी न मिलना दुखद है। मराकेश सम्मेलन में कृषि, वित्त अनुकूलन व वर्ष 2020 से पहले के सुझावों सहित कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर ज्यादा चर्चा नहीं हो पाई। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पर्याप्त वित्तीय मदद तक पहुंच- वर्ष 2020 से पहले और वर्ष 2020 के बाद- दोनों अवधियों में विकासशील देशों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय बन गई है। यह बात भारत को भी कुरेद रही है। दरअसल, नई वैश्विक ऊर्जा रणनीति के बगैर, जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार कार्बन उत्सर्जन बढ़ता ही रहेगा और वैज्ञानिकों की मानें तो इसका प्रभाव दस हजार वर्षों तक रहेगा। मराकेश जलवायु सम्मेलन में शोधकर्ताओं की इस नई चेतावनी पर जरूर चर्चा हुई जिसमें कहा गया है कि बढ़ते वैश्विक ताप, बर्फ की चादरों और ग्लेशियरों का पिघलना और समुद्री जलस्तर का बढ़ना, जलवायु परिवर्तन के उन परिणामों में शामिल है जिससे कि आखिरकार समुद्रतटीय क्षेत्र जलमग्न हो जाएंगे। समुद्रतटीय क्षेत्रों में एक करोड़ तीन लाख लोग रह रहे हैं। मराकेश जलवायु सम्मेलन में 'सोलर अलायंस' पर हस्ताक्षर हो गए। लेकिन बड़े देशों की उदासीनता से कई सवाल भी अब खड़े हो गए हैं। सोलर अलायंस का मकसद सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना और इसका उत्पादन बढ़ा कर इसकी कीमत कम करना है। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे को देखते हुए इस गठजोड़ या करार की उपयोगिता जाहिर है। लेकिन विशेषज्ञों की बातों पर गौर किया जाए तो इस अलायंस को लेकर सबसे बड़ी चिंता धन और तकनीक को लेकर बनी हुई है। असल में सोलर अलायंस को लेकर अब तक फंड की कोई रूपरेखा भी तैयार नहीं हुई है। भारतीय विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक बड़े विकासशील देश इसका हिस्सा नहीं बनेंगे तब तक फंड की दिक्कत बनी रहेगी। यहां यह बताना भी जरूरी है कि बहुत-से गरीब देश इस अलायंस में केवल मदद की उम्मीद से शामिल हुए हैं। भारत का भी इस बारे में स्पष्ट पक्ष है कि नई तकनीक और नए अनुसंधान की जरूरत पड़ेगी और इसके लिए पर्याप्त पैसा चाहिए। यह काम अकेले भारत के लिए कतई संभव नहीं है; वह तो अपनी ही समस्याओं से जूझ रहा है। धन के अभाव में कई बड़े-बड़े संस्थान रोजाना ही अपना रोना रोते रहते हैं।

लिहाजा, धरती को गर्म होने से रोकने की मुहिम में धन की कमी आड़े आ सकती है। पेरिस समझौते के तहत एक हरित जलवायु कोष बनना है, जिससे हर साल गरीब और विकासशील देशों को करीब सौ अरब डॉलर देने का प्रस्ताव है। सबसे बड़ी दिक्कत यह आ सकती है कि कहीं अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी तरह का अंशदान करने से इनकार न कर दें। अमेरिका को वर्ष 2020 तक इस महत्त्वपूर्ण फंड में तीन अरब डॉलर देना है। अगर वह नहीं देता है तो इस बड़ी पहल को जोरदार झटका लग सकता है।दो सबसे महत्त्वपूर्ण बातों पर पूरे विश्व को ध्यान देना होगा। एक तो यानों के उड़ान द्वारा होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना, और दूसरा, मांट्रियल प्रोटोकॉल में संशोधन, जिसमें शक्तिशाली ग्रीनहाउस को हटाना विशेष रूप से शामिल है। अहम बात यह है कि पेरिस समझौते के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य- 1.5 डिग्री तापमान की सीमा- को दरकिनार कर दिया गया है। इसके संपूर्ण क्रियान्वयन को 2.7 डिग्री तापमान की वृद्धि से जोड़ा गया है। सवाल यह है कि अब कोई भी देश 1.5 डिग्री तापमान की सीमा के लक्ष्य से कैसे आगे बढ़ सकता है। वर्ष 2018 में जब इसकी समीक्षा होगी तब वास्तविक स्थिति का आकलन संभव है। वर्ष 2018 में ही पेरिस समझौते की भी समीक्षा होनी है। लेकिन पेरिस समझौते के क्रियान्वयन की जानकारी के लिए अब तक कोई एकल व्यवस्था नहीं बन पाई है। जबकि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को पूरी दुनिया लगातार बढ़ते तापमान, समुद्र जलस्तर में होती वृद्धि, सूखा, बाढ़, ग्लेशियरों के दूर जाने, हिमखंडों के पिघलने के रूप में देख रही है। विकासशील देशों को उत्सर्जन कम करने व जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को क्षीण करने के प्रयासों के लिए आवश्यक धन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2009 में कोपेनहेगन सम्मेलन में कहा गया था कि अमीर देश प्रत्येक वर्ष 2020 तक दस करोड़ डॉलर इस मकसद के लिए देंगे। इसे पूरे दशक भर आर्थिक सहायता के लिए उपयोग किया जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।मराकेश सम्मलेन में भी यही बात कही गई कि अमीर देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अधिक प्रयास करने चाहिए और उन्हें गरीब देशों की मदद करनी चाहिए, क्योंकि सबसे ज्यादा ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन वे ही करते आए हैं। मराकेश जलवायु सम्मेलन के दौरान ही विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट भी आई, जिसमें कहा गया है कि रूस और भारत में रिकार्ड गर्मी का उदाहरण दिया गया है। राजस्थान में इस साल 19 मई को 52 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट में यह दर्ज भी है। बढ़ते तापमान के कई नए रिकार्ड बने हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि धरती का तापमान 1.2 डिग्री बढ़ चुका है। उनके मुताबिक 2 डिग्री तापमान से अधिक बढ़ना विनाशकारी हो सकता है। मराकेश में चर्चा के दौरान कहा गया कि भारत में प्रतिव्यक्ति बिजली उपभोग एक हजार किलोवाट हावर वार्षिक से बहुत कम है, जबकि अमेरिका व यूरोप में विद्युत उपयोग बारह हजार-तेरह हजार किलोवाट हावर है। सबसे खास बात जलवायु सम्मेलन में इस बार यह रही कि 'कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज' (सीओपी-22) में भारत की ओर से जेबी पंत इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन एनवायरमेंट एंड डेवलपमेंट की ओर से पर्वतीय देशों के समक्ष हिमालय की अहमियत और जलवायु परिवर्तन का ब्योरा पेश किया गया। इस तरह पर्वतीय देशों के वैश्विक एजेंडे में पहली बार हिमालय को शामिल किया गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि हिमालय के अंतरराष्ट्रीय एजेंडे में शामिल हो जाने से जलवायु परिवर्तन को समझने व खास नीति बनाने में काफी मदद पहुंचेगी।

सम्पादकीय

## इजरायल की नाकेबंदी ने रच दी मानवता की सबसे भयावह त्रासदी

हमास के हमले के बाद इजराइल की प्रतिक्रिया ने अब बेहद त्रासद रुख अख्तियार कर लिया है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब तमाम मानवीय तकाजों को ताक पर रख दिया गया है और प्रभावित इलाकों में लोग भूख से मरने को मजबूर हैं। इस बात की कोई फिक्र नहीं दिखती कि अब एकतरफा हो चुके युद्ध में मरने वाले निर्दोष और मासूम बच्चे हैं। गाजा में इजराइल के हमलों में जो लोग मारे जा रहे हैं, वह एक पक्ष भर है। इसके समांतर त्रासद और भयावह यह है कि इजराइल ने गाजा के प्रभावित इलाकों में मानवीय मदद पहुंचाने के भी सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। नतीजा यह है कि अब वहां लोगों और खासकर बच्चों के मारे जाने की बड़ी वजह भुखमरी बन गई है। गाजा के अस्पतालों में हजारों की तादाद में कुपोषण के शिकार ऐसे बच्चे जिंदगी और मौत से लड़ रहे हैं, जिन्हें जान बचाने के लिए पेट भरने लायक खाना भी नहीं मिल पा रहा है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र ने यह चेतावनी जारी की थी कि अगर जल्दी मदद नहीं मिली, तो सिर्फ दो दिनों के भीतर चौदह हजार बच्चों की जान जा सकती है। दरअसल, करीब दो महीने से इजराइल ने सभी खाद्य सहायता, दवा और अन्य सामान के गाजा के युद्ध प्रभावित इलाकों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, जहां करीब बीस लाख फिलिस्तीनियों की आबादी रहती है। गाजा में रहने वाले ये लोग पूरी तरह बाहरी सहायता पर निर्भर हैं, क्योंकि इजराइली हमले ने उस इलाके की सभी खाद्य उत्पादन क्षमताओं को तबाह कर दिया है। जाहिर है, अब गाजा में अकाल का खतरा भी सामने खड़ा है। मगर अफसोसनाक यह है कि संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम अंतरराष्ट्रीय प्रयास इजराइल को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं। गाजा में इजराइली हमले में अब तक साठ हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे, जिनका हमास या आतंकवाद से कोई वास्ता नहीं था। सवाल है कि हमास के जिस हमले को मानवता के खिलाफ बता कर इजराइल ने युद्ध छेड़ दिया, उसमें मासूमों को मार कर क्या हासिल हो रहा है।

## भूख की तस्वीर

यह भारत और पूरे विश्व के लिए एक बड़ी समस्या है। इसे कम करने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट की मानें तो 2019 के बाद से भुखमरी और बढ़ी है। विश्व में भुखमरी और इससे संबंधित बीमारियों से प्रतिदिन पच्चीस हजार लोगों की मृत्यु होती है भारत में इस समय बीस करोड़ लोग भुखमरी की समस्या की जद में हैं। इसी कारण बच्चों की आयु के अनुपात में वजन और लंबाई में कमी देखी जा रही है। भारत में अनाज का उत्पादन तो होता है, लेकिन उत्पादन का हर पांचवां हिस्सा बर्बाद हो जाता है। सरकारी गोदामों में टनों अनाज सड़ जाता है। इसे रोकने के लिए सरकारें फसल बीमा योजना, मध्याह्न भोजन, जनवितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से अनाज का वितरण उचित समय पर करके रोक सकती हैं। लोगों को भी इस पर विशेष ध्यान देना होगा कि व्यर्थ में फेंका जाने वाला भोजन बचने और फेंके जाने से पहले किसी के पेट में जाने की व्यवस्था की जाए, जिससे भुखमरी कम हो सके। 'नफरत के खिलाफ' अत्यंत विचारोत्तेजक और सामायिक है। यह सर्वविदित तथ्य है कि आजकल देश में चहुंओर नफरत, वैमनस्य और सांप्रदायिक विद्वेष का माहौल है। अत्यंत दुखद और चिंताजनक स्थिति यह है कि तमाम तरह के सांप्रदायिक प्रदूषण और इसके असीमित फैलाव के बावजूद किसी भी जिम्मेदार पक्ष को इसकी कोई परवाह दिखाई नहीं देती। पुलिस, प्रशासन या सरकार, सब के सब केवल उदासीन तथा मूकदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। गनीमत है कि भारत के सर्वोच्च न्यायलय ने आखिरकार इस महत्त्वपूर्ण मामले में कोई सकारात्मक कदम उठाया है और सख्त तेवर दिखाए हैं। नफरत फैलाने वाले कार्यक्रमों एवं भाषणों पर चिंता जताते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस और प्रशासन किसी शिकायत का इंतजार किए बिना स्वत संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे। साथ ही अदालत ने चेतावनी भी दी कि प्रशासन की ओर से इसमें किसी भी प्रकार की देरी या ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा और यह कोर्ट की अवमानना होगी। देश में शांति और सद्भाव का वातावरण तभी कायम रहेगा, जब विभिन्न समुदायों के लोग परस्पर सौहार्द और बंधुत्व के भाव से रहें। सर्वोच्च न्यायलय ने कड़ा रुख अपनाते हुए अपना न्याय का धर्म निभाया है। अब सरकार की बारी है कि त्वरित रूप से अपनी पुलिस और प्रशासन को सक्रिय करे और नफरत के कारोबार में लिप्त सभी पक्षों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करे। इसके अलावा झूठी, अपुष्ट और भ्रामक खबरों और अफवाहों के प्रचार-प्रसार पर भी संपूर्ण पाबंदी लगनी चाहिए

## पलायन विकल्प नहीं

**शहरी समाज का वह व्यक्ति जो हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता है, जिसका बहुत से लोगों के साथ मिलना-जुलना होता है, वह जरूरत के समय मददगार होता है या जिसकी वजह से रोजगार पाकर कई घरों में दोनों वक्त चूल्हा जलता है, जब वह पिछड़ने लगता है तब भी क्या किसी को खबर नहीं होती? परेशानी के समय सामाजिक जीवन जीने वाले लोगों की मानसिकता कैसे छिपी रह जाती है? क्या हम पारिवारिक स्तर पर और सामाजिक जीवन में इतने आत्मकेंद्रित हो गए हैं कि हमें आसपास की परेशानियां दिखाई ही नहीं देतीं?**

संयुक्त परिवारों से एकल परिवार की ओर बढ़ते हुए हम किस दौर में आ पहुंचे हैं जहां परिवार के साथ रहने के बावजूद व्यक्ति 'एकल' हो गया है! व्यस्तताओं से भरे जीवन में परिवार का हर सदस्य अपनी जीवनचर्या में डूबा है और अपने-अपने संघर्षों से मुकाबला कर रहा है। ऐसे में किसी के पास वक्त नहीं है। आधुनिक समाज में परिवार नाम की संस्था गौण होती जा रही है। परिवार का वह सदस्य जो पिछड़ रहा है या जिसे मानसिक परेशानी ने घेर लिया है, क्या उसके लिए परिजन थोड़ा-सा भी वक्त नहीं निकाल सकते? यह गंभीर सवाल है जिस पर समाज को सोचना होगा। समाज का वह पहला व्यक्ति जिसकी वजह से समूचा देश और सभ्यता भरपेट रोटी खाती है, वही किसान जब आत्महत्या करता है तब उसे गरीबी का नाम दे दिया जाता है। गरीबी उसका निजी चुनाव नहीं है। यह विकास की दौड़ में उसका पिछड़ना है, ऐसा विकास जो हाड़तोड़ मेहनत के बाद उसे सुख के साथ दो वक्त की रोटी तक मुहैया नहीं करवा पा रहा है। उसकी हार किसी से छिपी नहीं रहती, वह सबके बीच हर समय फटे कपड़ों से झांकती भूख से बेजार, इलाज के अभाव में मरती दिखती रहती है, फिर भी सामाजिक स्तर पर यह पराजय नकार दी जाती है। उस आत्महत्या को हम 'व्यक्तिगत आत्महत्या' करार दे देते हैं।

शहरी समाज का वह व्यक्ति जो हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता है, जिसका बहुत से लोगों के साथ मिलना-जुलना होता है, वह जरूरत के समय मददगार होता है या जिसकी वजह से रोजगार पाकर कई घरों में दोनों वक्त चूल्हा जलता है, जब वह पिछड़ने लगता है तब भी क्या किसी को खबर नहीं होती? परेशानी के समय सामाजिक जीवन जीने वाले लोगों की मानसिकता कैसे छिपी रह जाती है? क्या हम पारिवारिक स्तर पर और सामाजिक जीवन में इतने आत्मकेंद्रित हो गए हैं कि हमें आसपास की परेशानियां दिखाई ही नहीं देतीं? अगर यही सच है तो यकीनन यह स्थिति बहुत भयानक है। हम विस्फोट की ओर बढ़ रहे हैं। इससे पार पाने के उपाय हमें ही करने होंगे। हमें हर हारते हुए को संभालने वाला हाथ बनना होगा। गिरते को थामने वाला और आघात झेलने वाले मनुष्य के लिए विश्वसनीय चरित्र हमें अपने अंदर गढ़ना होगा, जिससे घबरा कर पीछे हट रहा व्यक्ति पलायन से पहले अपने आसपास के किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचे जरूर। एक ऐसा सामाजिक या पारिवारिक व्यक्ति जो उस थके इंसान को जीवन की ओर वापस लौटने का कारण बनेगा, उसे ही यह पहल करनी होगी।

आपाधापी भरे जीवन में हर व्यक्ति के अपने संघर्ष हैं, जिनसे वह जूझ रहा है। कम समय में मंजिल तक पहुंचने की बैचेनी से मुकाबला कड़ा होता जा रहा है। 'हार ना जाऊं' का डर दिमाग पर हावी हो रहा है। यह अपने भीतर बैठा भय है जिसे हमने चींटी जितने आकार को बढ़ा कर हाथी जितना विशाल बना लिया है। यह किसी लिहाज से ठीक नहीं है।

देर तक मोबाइल देखता सातवीं-आठवीं का बच्चा, माता-पिता की डांट से नाराज होकर फंदे पर झूल जाने की राह चुन लेता है। युवा होती उम्र में युवक-युवती का एक-दूसरे की अनदेखी करना बर्दाश्त नहीं होता और मौत को गले लगा लेना जैसा रास्ता उन्हें आसान लगने लगता है। पति-पत्नी की आपसी टकराहट में दो समझदार वयस्क, परिवार और बच्चों की जिम्मेदारी तक से मुंह मोड़ कर क्षणिक क्रोध के आवेग में जान देने का फैसला कर लेते हैं। व्यवसाय या नौकरी के दबाव न झेल पाने के चलते ऊंची इमारत से कूद कर मौत को गले लगा लेने या पुल से नदी की गहराई में जीवन को डुबा देने जैसी घटनाएं अब रोजाना की नियति बन गई हैं। सवाल है कि हम जा किस ओर रहे हैं? क्या सच में जीवन इतना पेचीदगियों भर गया है? क्या परेशानियों से बाहर आने के सारे रास्ते बंद हो गए हैं?

वर्तमान समय में हमारी सामाजिक सोच क्या इतनी नकारात्मक हो गई है या हम निराशा से घिर गए हैं? ऐसा कैसे हो सकता है कि जीवन से आशाएं रूठ जाएं और किसी तरह के सुधार की गुंजाइश ही न रहे। हालात इतने खराब कभी नहीं होते कि उन्हें ठीक न किया जा सके। स्थिति का डट कर मुकाबला करने से हालात बदलने की पूरी उम्मीद रहती है और अगर स्थिति नहीं बदली तो परेशानी से निकलने का कोई और रास्ता जरूर निकलेगा।

# हेरा फेरी 3 से परेश रावल के हटने पर आया सुनील शेट्टी का रिएक्शन

इन दिनों परेश रावल सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म हेरा फेरी 3 से खुद को अलग कर लिया है। इस पर अभिनेता सुनील शेट्टी ने अपना रिएक्शन दिया है। हाल ही में एक एक इंटरव्यू में सुनील शेट्टी ने कहा कि जब उन्हें पता चला कि हेरा फेरी 3 से परेश रावल हट रहे हैं तो वह हैरान रह गए। उन्होंने कहा कि इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों से हटना बड़ा नुकसान है। उन्होंने बताया कि अक्षय कुमार को भी इसके बारे में जानकारी नहीं थी।

### सुनील शेट्टी हुए हैरान

सुनील शेट्टी ने बातचीत में बताया कि मेरा मतलब है यह मेरे लिए बहुत बड़ा सदमा है। मैं यहां इसलिए आया हूं क्योंकि मैंने कल ही यह सुना था, और फिर आज, कुछ और खबरें आईं। इसलिए, मुझे फोन करके पता लगाना है। मैं पूरी तरह से टूट गया हूं क्योंकि अगर कोई एक फिल्म थी जिसका मैं बेसब्री से इंतजार कर रहा था, तो वह हेरा फेरी थी।

परेश रावल के बिना नहीं बन सकती फिल्म

हेरा फेरी 3 में सुनील शेट्टी श्याम का किरदार निभाने वाले हैं। सुनील शेट्टी ने बताया कि उन्हें लगता है कि बाबू भैया के बिना तीसरी किस्त नहीं बन सकती। सुनील शेट्टी ने कहा परेश रावल के बिना 100 प्रतिशत यह नहीं बन सकती। मेरे और अक्षय के बिना इसकी 1 प्रतिशत संभावना हो सकती है, लेकिन परेश जी के बिना 100 प्रतिशत नहीं बन सकती। सुनील शेट्टी ने कहा कि वह नहीं जानते कि फिल्म का क्या होगा। उन्होंने कहा यह फिल्म हमारे दिमागी सेहत के लिए बहुत अहम है। मैं नहीं जानता कि क्या होने वाला है।

### परेश रावल ने दी फिल्म से हटने की जानकारी

आपको बता दें कि हाल ही में परेश रावल ने अक्षय कुमार की फिल्म हेरा फेरी 3 से खुद को अलग कर लिया है। परेश रावल ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर भी दी है। खबर है कि नुकसान की भरपाई के लिए अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस ने परेश रावल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

# साउथ में काम करने के दौरान हुआ बुरा अनुभव

संयमी खेर के करियर को लगभग दस साल हो चुके हैं। एक तेलुगू फिल्म 'रे' से इस एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत की। इसके बाद साल 2016 में राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'मिर्जिया' से बॉलीवुड में कदम रखा। अब तक वह कई फिल्में और कुछ वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में इस एक्ट्रेस ने बताया कि जब करियर शुरू कर रही थी, स्ट्रगल कर रही थी तो उन्हें भी कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा।

संयमी खेर ने हाल ही में बातचीत में कहा, 'शुरुआती दौर में फिल्म इंडस्ट्री में एक एजेंट थी जिसने मुझे 19 या 20 साल की उम्र में एक तेलुगू फिल्म के लिए बुलाया था। उसने कहा कि तुम्हें पता है, तुम्हें समझौता करना पड़ेगा। तो मैंने उनसे पूछा कि मैम मैं समझ नहीं पा रही हूं कि आप क्या कह रही हैं? इस पर वह बोलीं, 'देखो, तुम्हें समझना होगा। तब मैंने कहा कि आपको लगता है कि मुझे इस रास्ते पर चलने की जरूरत है। मेरी अपनी लिमिट है, जिन्हें मैं अपनी जिंदगी में कभी पार नहीं करूंगी।'

### इन फिल्मों-वेब सीरीज में संयमी नजर आईं

अब तक संयमी चोक्ड, अनपॉज्ड और वाइल्ड डॉग और हाईवे जैसी साउथ की फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वह आर. बाल्की की फिल्म 'घूमर' में लीड रोल भी कर चुकी हैं। हाल ही में वह सनी देओल की फिल्म 'जाट' में भी नजर आईं। वेब सीरीज 'स्पेशल ऑप्स', 'ब्रीद' और 'फाडू' में भी वह अहम किरदार निभा चुकी हैं।

### फिल्मी परिवार से है नाता

50 के दशक की मशहूर अभिनेत्री उषा किरण संयमी खेर की दादी हैं। संयमी के पिता मॉडल रह चुके हैं। साथ ही संयमी की बुआ तन्वी आजमी भी नामी एक्ट्रेस हैं। संयमी की बड़ी बहन संस्कृति भी मराठी फिल्मों में एक्टिंग करती हैं। इस तरह संयमी का लगभग पूरा परिवार ही फिल्मों से जुड़ा है।

# रितेश की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म का पोस्टर रिलीज, अभिषेक-संजय भी हिस्सा

एक्टर रितेश देशमुख दर्शकों के लिए एक शानदार फिल्म लेकर आ रहे हैं, जो स्टार कलाकारों से भरी हुई है। छत्रपति शिवाजी महाराज पर आधारित फिल्म राजा शिवाजी का पहला लुक जारी हो गया है। इसकी जानकारी रितेश ने अपने सोशल मीडिया पर बताई है, इसके साथ ही उन्होंने फिल्म के स्टार कास्टों के बारे में भी जानकारी दी है।

अभिनेता रितेश देशमुख खुद के निर्देशन में मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है राजा शिवाजी। डायरेक्शन में डेब्यू के साथ-साथ रितेश देशमुख इसमें मुख्य भूमिका में भी नजर आएंगे, यानी कि अभिनेता शिवाजी महाराज की भूमिका में दिखेंगे। इसकी एक झलक भी दिखाई गई है, जिसे एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य को दिखाया गया है, जो तलवार लिए हुए हैं और दुश्मन उनके सामने ढेर पड़े हुए हैं। इस फिल्म में रितेश देशमुख के अलावा अभिषेक बच्चन, संजय दत्त, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्त और जेनेलिया जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

अभिनेता अभिषेक बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम पर यह पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'भारत के महान योद्धा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज को सिनेमाई श्रद्धांजलि पेश करने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त और सम्मानित महसूस कर रहे हैं।'

# कमल हासन ने बताया कैसे हुई मणिरत्नम से दोस्ती

तमिल सुपरस्टार और दिग्गज अभिनेता कमल हासन इन दिनों अपनी फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो चुका है, जिसे लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। अब फिल्म की पूरी स्टारकास्ट प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान कमल हासन ने इस फिल्म में दिग्गज फिल्ममेकर मणिरत्नम के साथ 35 साल बाद फिर से काम करने और उनके साथ अपनी दोस्ती को लेकर चर्चा की।

### ऐसे हुई कमल हासन और मणिरत्नम की दोस्ती

कमल हासन ने मणिरत्नम के साथ आखिरी बार 1987 की सुपरहिट फिल्म 'नायकन' में काम किया था। इसके बाद दोनों ठग लाइफ में साथ आ रहे हैं। मणिरत्नम के साथ अपने रिश्ते और दोस्ती का जिक्र करते हुए कमल हासन ने कहा, मैं उन्हें उसी इलाके में रहने वाले एक दोस्त के रूप में जानता हूं। मुझे यह भी नहीं पता था कि वह एक फिल्मी परिवार से हैं। वह एक इंसान थे और मुझे उनके बात करने का तरीका पसंद आया। हम दोस्त बन गए। हमारे दोस्तों का एक ग्रुप था और हम केवल सिनेमा के बारे में बात करते थे और कोई गपशप नहीं करते थे और यहीं से हमारी दोस्ती की शुरुआत हुई।

### 'हम खुद फिल्मों के प्रशंसक हैं'

खुद को और मणिरत्नम को फिल्म लवर और सिनेमा का फैन बताते हुए कमल हासन ने एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया, जब हम कोलाबा के पास 'नायकन' की शूटिंग कर रहे थे और रमेश सिप्पी साहब फिल्म सिटी में शूटिंग कर रहे थे। हम सभी रमेश सिप्पी की शूटिंग देखने गए थे। हम भी प्रशंसक हैं, फिल्म लवर हैं और यही हमें यहां लाया है। हम किसी भी सेट पर जाकर किसी को भी देखेंगे, खासकर जिन्हें हम प्रतिभाशाली मानते हैं, हम उन्हें और अधिक देखना चाहेंगे।

### मणिरत्नम ने की कमल की तारीफ

इस दौरान निर्देशक मणिरत्नम ने भी कमल हासन के साथ अपनी दोस्ती को याद किया। उन्होंने कहा, मुझे याद है जब वह तमिल में 'सदमा' की योजना बना रहे थे और मैंने जो कहानी सुनी है, वह मेरे दिमाग में बसी हुई है, जब उन्होंने कहानी सुनी। वह वापस आए और उन्होंने उस सीन को किया और उन्हें बताया कि वह सीन क्या था। इस तरह के व्यक्ति हैं कमल हासन। मैं भाग्यशाली था कि मैं उनके साथ काम करते हुए उनसे बातचीत करने में सक्षम था। इसलिए, मुझे पता था कि कोई ऐसा व्यक्ति है जो हम सभी के लिए एक बड़ा रास्ता बना रहा है और उसने वही किया है।

# आदर्श गौरव शनाया कपूर के साथ जल्द करेंगे 'तू या मैं' की शूटिंग

फिल्म 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर है। फिल्म में दर्शको को प्यार, रोमांस के अलावा सस्पेंस भी देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी का जहां तक सवाल है तो इसमें दो इंफ्लुएंसर हैं, जो एक मुश्किल में फंस जाते हैं, इस दौरान उनका सामना मौत से होता है। इस स्टोरी लाइन के साथ फिल्म 'तू या मैं' बन रही है। जल्द ही इसकी शूटिंग आदर्श गौरव और संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर करेंगे।

हाल ही में एक बातचीत में आदर्श गौरव कहते हैं, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग को लेकर काफी एक्साइटेड हूं। फिल्म की शूटिंग जून में शुरू होगी। मैंने इस तरह की फिल्म पहले नहीं की है, यह बिल्कुल अलग जॉनर की फिल्म है।'

निर्देशक बेजॉय-शनाया के साथ काम करके खुश

आदर्श गौरव आगे कहते हैं, 'बेजॉय नांबियार के साथ काम करना कमाल का अनुभव है, उनकी सिनेमा की समझ बिल्कुल अलग है। वहीं शनाया कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करना भी खास एक्सपीरियंस है। मैं बहुत एक्साइटेड हूं, दर्शकों को यह बताने के लिए हम क्या नया बना रहे हैं।'

### आदर्श गौरव-शनाया के बाकी प्रोजेक्ट्स

आदर्श गौरव के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' में नजर आए थे। वहीं फिल्म 'तू या मैं' के अलावा शनाया कपूर को हाल ही में एक और फिल्म मिली है। इस फिल्म का नाम 'जेसी है। इसके अलावा वह विक्रांत मैसी के साथ एक फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' की भी कर रही हैं। इसी फिल्म से शनाया का डेब्यू बॉलीवुड में हो रहा है।

# अपनी खुशियां कुर्बान करने से आप अच्छी मां नहीं बन जाएंगी, आपको भी हक है

**छोटा पर्दा हो या ओटीटी, पंजाबी सिनेमा या बॉलिवुड, सुरवीन चावला ने बतौर कलाकारा हर माध्यम में अपनी छाप छोड़ी है। वह इस बात की भी नज़ीर हैं कि एक पत्नि और मां के दायित्व के बावजूद आप करियर में और ऊंची उड़ान भर सकती हैं। इस साल चार वेब शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा में नजर आने वाली सुरवीन से खास बातचीत**

**हेट स्टोरी 2 हो, उंगली हो या सेक्रेड गेम्स, आपके किरदार बड़े कॉम्पलेक्स रहे हैं। आपके आने वाले चारों शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा भी डार्क जोन में ही हैं। क्या आपको ऐसे कॉम्प्लेक्स किरदार ही लुभाते हैं?**

शायद, मुझे ऐसा लगता है और मुझे उसमें मजा भी आता है, क्योंकि असल जिंदगी में भी इंसान सिंपल नहीं होता। लोगों की अपनी-अपनी जटिलताएं होती हैं तो जब ऐसे किरदार आते हैं तो मुझे लगता है कि इसमें खेलने को ज्यादा मिलेगा, क्योंकि वे जिंदगी के बहुत करीब होते हैं। ये सही है कि मेरे पास ऐसे ही किरदार आते हैं जो बहुत कॉम्प्लेक्स और लेयर्ड होते हैं, मगर ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ वैसे ही किरदार करना चाहती हूं। मेरा भी मन करता है कि कभी डार्क और हैवी किरदारों के बजाय थोड़े हल्के-फुल्के किरदार करूं। मैं कमर्शल मसालेदार काम भी करना चाहती हूं। जैसे, डीकपल्ड में मुझे बहुत मजा आया, वो हल्का फुल्का, फन शो था। हालांकि, उसमें भी रिश्तों की काम्लेक्सिटी थी। ऐसे किरदारों को रियल बनाना ज्यादा चैलेंजिंग है, क्योंकि हमें रियलिस्टिक किरदार करने की इतनी आदत हो जाती है कि उसमें ज्यादा मेहनत लगती है।

**शूटिंग के बिजी शेड्यूल में जब बेटी को नहीं मिल पातीं तो कभी मॉम गिल्ट भी होता है?**

यार, पता नहीं इस बात के लिए मुझे अच्छी नजर से देखा जाएगा या बुरी नजर से, मगर इन 6 सालों में मुझे कभी मॉम गिल्ट नहीं हुआ है। मॉम गिल्ट क्यों होना चाहिए? मैं अपने को पीछे नहीं रख सकती हूं। निश्चित तौर पर हम माओं को बच्चे के लिए बहुत सी चीजें करनी पड़ती हैं। अपनी प्राथमिकताएं बदलनी पड़ती हैं, जिसमें ज्यादातर समय बच्चा सबसे ऊपर होता है, लेकिन मेरे बच्चे से पहले से मेरी एक पहचान है। मैं एक इंसान हूं। मैंने अपनी एक जिंदगी जी है। मेरी भी कुछ चाहतें हैं, तमन्नाएं हैं, ये कुर्बानियां देने से आप अच्छी मां नहीं बन सकती हैं, क्योंकि वो कुर्बानी कहीं ना कहीं आपकी अपनी खुशी को मार रहा है और अपनी खुशी को मारकर आप किसी और को खुशी नहीं दे सकते। मेरा मानना है कि बच्चे और पार्टनर के बाद भी अपनी जरूरतों को आगे रखना जरूरी है।

**क्रिमिनल जस्टिस 4 में घरेलू हिंसा जैसा गंभीर मुद्दा उठाया गया है। आज के आधुनिक दौर में भी तमाम औरतें ऐसी हिंसा और गैर-बराबरी सह रही हैं। आप इस बारे में क्या सोचती हैं?**

इस समस्या के पीछे बहुत सारे कारण हैं। हमारे लिए बात करना बहुत आसान है, मगर जो ये सब सहती हैं, उन पर क्या बीतती है, उनकी क्या मजबूरी है! वो आप नहीं जानते। कोई इंसान बिना वजह कुछ नहीं झेलता है। हम शहरी, पढ़े लिखे, आर्थिक रूप से सक्षम लोग हैं। हम अपनी सोच में भी आजाद ख्याल औरतें हैं तो हम अपने घर पर बैठकर बोल सकते हैं कि उन्हें आवाज उठानी चाहिए, सहना नहीं चाहिए, लेकिन जिनके हालात ऐसे नहीं हैं, उनकी आवाज निकलेगी कैसे? उनके ईको सिस्टम में सपोर्ट क्या है? जो औरत आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, वो जाएगी कहां? तो इसका एक बड़ा पहलू ये भी है कि अगर आप आर्थिक रूप से स्वतंत्र होंगी तो आप आवाज उठा पाएंगी। आप निडर होंगी, क्योंकि बहुत सारा साहस आर्थिक स्वतंत्रता से आता है। जब आपके बैंक में पैसे पड़े होते हैं ना, तो आपकी आवाज अपने आप बुलंद हो जाती है तो ये आर्थिक स्वतंत्रता बहुत जरूरी है।

**इस साल आपके चार वेब शोज क्रिमिनल जस्टिस 4, मंडला मर्डर्स, राणा नायडू 2 और अंधेरा आने वाले हैं। उनके बारे में क्या कुछ खास रहा?**

क्रिमिनल जस्टिस मेरा पसंदीदा फ्रेंचाइज रहा है। इसमें थ्रिल के साथ समाज से जुड़े मुद्दे और इमोशन होते हैं, तो इससे जुड़ना मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। मैं पंकज जी (पंकज त्रिपाठी) की बहुत बड़ी फैन हूं तो उनके साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। पंकज जी चलता-फिरता स्कूल हैं। असल में जब कोई फिल्म स्कूल से होता है तो उनका मेथड अलग होता है। उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। वहीं, मंडला मर्डर्स बिल्कुल अलग जोन में है। वो भी बहुत रोचक थ्रिलर है, जिसमें खूब सारा प्यार, ऐक्शन और रहस्य है। मेरा रोल उसमें क्रिमिनल जस्टिस से बिल्कुल अलग है। राणा नायडू के बारे में जब जानते हैं, मगर सेकंड सीजन में वह और धमाकेदार होने वाला है।

## भाजपा मंडल कार्यालय पर सुनी गई 'मन की बात'

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, सीकर द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यर् म 'मन की बात' का 122वां एपिसोड सुना गया। यह कार्यर् म जिले के सभी बूथों पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आतंकवाद के खात्मे की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि हमें इसे जड़ से मिटाना होगा। उन्होंने हाल ही में हुई सिंदूर यात्रा का उल्लेख करते हुए भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना की और कहा कि हमारी सेना किसी से कम नहीं है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि आज देश में सेना के सम्मान में सिंदूर यात्राओं का आयोजन हो रहा है, जो जनभावनाओं का प्रतीक है। कार्यर् म में मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के साथ नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, गिरीश प्रधान, महावीर सैन, महेंद्र डीडवानिया, शालिनी माथुर, अशोक माथुर, गोकुल माथुर, राज नारायण माथुर, कुमकुम माथुर, मनोहर माथुर, महेंद्र चौधरी, अविनाश शर्मा और रिदम अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शालिनी माथुर के नेतृत्व में भव्य सिंदूर यात्रा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को जयपुर संभाग की सोशल मीडिया सह प्रभारी शालिनी माथुर के नेतृत्व में एक भव्य सिंदूर यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा भारतीय सेना के सम्मान और देशभक्ति की भावना को समर्पित थी, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा और उपस्थित लोगों ने तिरंगा लहराकर सेना के परार् म को नमन किया। शालिनी माथुर ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा हमारी सेना के साहस, बलिदान और शौर्य को समर्पित है। मंडल अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौहान, गोकुल प्रसाद माथुर, कुमकुम माथुर, महेंद्र डीडवाना, मनोहर माथुर, अशोक कुमार माथुर, महावीर प्रसाद सेन, गिरीश प्रधान और राज नारायण माथुर सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस आयोजन में मौजूद रहे। सभी ने सेना के अदम्य साहस की सराहना करते हुए इस आयोजन को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओतप्रोत बताया।

## जांगिड ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का उदघाटन

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड ने तारानगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में वाल्मीकि समाज के सौजन्य से करवायी गयी एक दिवसीय रि केट खेल प्रतियोगिता का रिबन काटकर व शॉट खेलकर उद्धघाटन किया। उद्धघाटन मैच चूरू व बीकानेर टीम के बीच खेला गया जिसमें बीकानेर टीम विजेता रही। भाजपा नेता राकेश जांगिड ने कहा कि स्वास्थ को अगर अच्छा रखना है तो खेल बहुत जरूरी है। खेल को खेलने की भावना से खेलना चाहिए। जांगिड ने सभी विजेताओं को व कार्यर् म आयोजकों को बधाई दी। इस मौके पर कैलाश, आनंद, सन्तोष, रणजीत, मोडूराम, प्रकाश, लालचंद, विजय कुमार, नौरतमल, जैकीराम, प्रेमचंद, मुकेश (मिठू), कुलदीप, दीपक, सुनील, सीताराम,बबलू, डूंगरगड, विनोद, कालू सहित वाल्मीकि समाज के लोग मौजूद रहे।

## दो दिवसीय शिविर में 110 बच्चों को दिया परामर्श

**सुजानगढ(नि.सं.)।** मारवाडी युवा मंच सुजानगढ और गणगौर शाखा सुजानगढकी ओर से चल रहे दो दिवसीय निःशुल्क स्पीच थेरेपी शिविर का रविवार को समापन हुआ। दूसरे दिन डीडवाना, कुचामन, नागौर, बीकानेर सहित सुजानगढ व चुरु क्षेत्र के 67 बच्चों को परामर्श दिया गया। मंच अध्यक्ष मनोज शर्मा और गणगौर शाखा अध्यक्ष खुशबू सोनी ने बताया कि भैरव प्लाजा, पांड्या धर्मशाला के आयोजित शिविर में डॉ. लक्ष्मी बदरा ने हकलाहट, तुतलाहट, मंद बुद्धि, मूक बधिर और लकवाग्रस्त बच्चों को परामर्श दिया। शिविर के पहले दिन 43 बच्चों को परामर्श दिया गया था। इस दौरान परमानंद मिश्रा, प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश अरोडा, जवाहर कटारिया ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर की व्यवस्थाओं में नवीन सोनी, सुभाष बरमेचा, अनुज शर्मा, प्रमिला प्रजापत, मुस्कान, प्रशांत सामरिया, रतन राकेश जोडा, अनिल माटोलिया, लोकेश जांगि?, विनोद सेन, करुणा जांगिड, अंजली, सरस्वती भोजक, प्रीति धारेवाल, पूजा शर्मा, दीपक भोजक आदि ने सहयोग किया। संयोजक अरविंद विश्वेंद्रा ने आभार जताया।

# पीछा कर मारपीट की थी, 9 दिन इलाज के बाद मौत

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** बिसाऊ थाना क्षेत्र के बिरमी गांव निवासी प्रवासी सुभाष (38) की जयपुर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। 16 मई को हुई मारपीट की घटना के नौ दिन बाद शनिवार को सुभाष ने दम तोड़ दिया। दुबई में मजदूरी करने वाला सुभाष 5 मई को 15 दिन की छुट्टी पर घर आया था और 20 मई को उसे वापस लौटना था। इस दुखद घटना के बाद से परिजनों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। बीडीके अस्पताल की मॉर्च्युरी के सामने धरना प्रदर्शन जारी है, जहां परिजन आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।



### विवाद और बेरहमी से मारपीट

मृतक के भाई सचिन ने बताया कि 16 मई की रात सुभाष बिरमी से रोहिड़ा स्टैंड स्थित लांबा होटल गया था। वहां तिलोका का बास निवासी मुकेश जाट अपने 3-4 साथियों के साथ मौजूद था। किसी बात को लेकर सुभाष और मुकेश के बीच कहासुनी हो गई। सुभाष वहां से घर के लिए रवाना हो गया, लेकिन कुछ ही देर बाद मुकेश जाट और उसके साथियों ने पीछा कर रास्ते में रोककर सुभाष के साथ बेरहमी से मारपीट की। गंभीर रूप से घायल सुभाष को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में जयपुर के सिद्धि विनायक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। नौ दिन तक चले इलाज के बाद शनिवार को उसकी मौत हो गई। सुभाष अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है, एक 12 साल का बेटा, एक 9 साल का बेटा और एक 6 साल की बेटी। डिप्टी एसपी हरि सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। परिजनों के आर् ोश और गांव में बढ़ते तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया है।

### पुलिस पर मिलीभगत और लापरवाही का आरोप

परिजनों ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने वाला मुकेश जाट, सुभाष का साला है और उस पर तथा अन्य 3-4 लोगों पर सुभाष की हत्या की साजिश का आरोप है। घटना के बाद परिजनों ने धनुरी थाना में मामला दर्ज करवाया था, लेकिन नौ दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे आर् ोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत और राजनीतिक दबाव में आकर कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

### धरना प्रदर्शन और उच्चस्तरीय जांच की मांग

बीडीके अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर धरने पर बैठे परिजन और ग्रामीण हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। डिप्टी एसपी हरि सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, परिजनों का कहना है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे शव नहीं उठाएंगे। ग्रामीणों और परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने जानबूझकर लापरवाही बरती है। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों को सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

## जयपुर-भिवानी ट्रेन को पुनः शुरू करने की मांग, डाबला स्टेशन पर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना/पाटन (निंस.)।** डाबला रेलवे स्टेशन पर रविवार को क्षेत्रीय ग्रामीणों ने एकत्र होकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। ज्ञापन में जयपुर- भिवानी (09733/09734) ट्रेन सेवा को पुनः आरंभ करने की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि डाबला एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहाँ से प्रतिदिन हजारों लोग रेवाड़ी, जयपुर सहित अन्य प्रमुख शहरों की ओर यात्रा करते हैं। लेकिन रेवाड़ी से जयपुर के बीच सीधी ट्रेन सेवा न होने के कारण स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों व गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में चल रही जयपुर-भिवानी ट्रेन को बिना किसी स्पष्ट कारण के बंद कर दिया गया। जिससे क्षेत्रवासियों में असंतोष व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पाटन प्रधान सुवालाल सैनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर नरेंद्र सैनी, बनवारी, मंगल, बहादुर सैनी, सुभाष, कल्याणं यादव, सुमेर सिंह, दीपक सिंह, नवीन, अभिषेक, नीतू, राहुल सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने आशा जताई कि रेल मंत्री इस जनहित के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जयपुर- भिवानी ट्रेन को जल्द पुनः शुरू करने का निर्णय लेंगे।

## *भागवत कथा में मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव*

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा गढ़ में राज परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों और नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा के दौरान प्रतापगढ के पंडित मांगीलाल शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे। वासुदेव और यशोदा और नंद के स्वरूप में कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग को भाव विभोर कर दिया। कथा में आचार्य शर्मा ने मत्स्य अवतार की कथा सूर्यवंश का वर्णन चरित्र अमरीश की कथा ईश्वर को वश वर्णन मांधाता चरित्र सोगरी उपाख्यान त्रिशंकु कथा हरिश्चंद्र की जी की कथा राजा सागर की कथा गंगा का भागीरथ की ओर से पृथ्वी पर लाया गया भगवान श्री राम का अवतार श्री राम के वंश का वर्णन चंद्रवंश की कथा पूर्व वंश वर्णन भारत वंश का वर्णन देवदास वंश वर्णन यदुवंश वर्णन और श्री कृष्ण जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया। चौथे दिन कथा सुनने नगर ठाकुर अंगद देव सिंह, पूर्व सरपंच गिरवर सिंह शेखावत, मंहत पवनदास महाराज, पुनित शर्मा सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अन्त में प्रायोजक ठाकुर दुर्गासिंह ने सभी श्रद्धालुओं का आभार जताया।

## भाजपाइयों ने सुना पीएम की मन की बात कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 122वें संस्करण के माध्यम से देश को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने बिसाऊ कस्बे में कार्यकर्ताओं संग मन की बात को सुना और कार्यकर्ताओं से आत्मसात करने पर जोर दिया। इस बार मन की बात में प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिकों की ओर से दिखाए गए पराक्र म की सराहना की। जिसने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कई दिलचस्प विषयों पर जानकारी साझा की। जिसमें महाराष्ट्र का एक गांव, जहां पहली बार बस पहुंची है।शेरों की बढ़ती आबादी, सिक्किम की पारंपरिक बुनाई और ड्रोन दीदी शामिल हैं। पीएम ने शहद उत्पादन और मधुमक्खियों को बचाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को स्मरण कराते हुए बताया अब समय बहुत कम बचा है। अगर आप अब भी योग से दूर हैं तो अब योग से जुडे योग आपका जीवन जीने का तरीका बदल देगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने प्रधानमंत्री के विभिन्न विषयों पर बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। ढूकिया ने कहा कि निष्ठवान कार्यकर्ताओं और स्नेहिल जनता के साथ 'मन की बात' रेडियो कार्यर् म का सजीव प्रसारण देखना, सदैव नई प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि 'मन की बात' कायक्र म जन-जन को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र के उत्कर्ष की दिशा में उन्मुख करने का सशक्त माध्यम बना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज देश की उपलब्धियों, ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक विषयों से भी अवगत करवाया। ढूकिया ने इस बात पर जोर दिया कि 'मन की बात' प्रधानमंत्री के आम लोगों के साथ गहरे जुड़ाव का केंद्र है। उन्होंने कहा कि लोग प्रधानमंत्री को एक ऐसे संवेदनशील, दयालु और निर्णायक नेता के रूप में देखते हैं, जो देश में बदलाव लाकर उनके जीवन को बेहतर बना रहे हैं। प्यारेलाल ढूकिया के अनुसार, 'मन की बात' ने करोड़ों भारतीयों को आकर्षित और प्रेरित किया है, और प्रत्येक एपिसोड के साथ श्रोताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। यह कार्यक्र म भारत भर के गुमनाम नायकों, जमीनी स्तर के चैम्पियनों और परिवर्तनकर्ताओं की प्रेरणादायक कहानियों को शामिल करता है।

## प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए किया जाएगा आर्थिक सहयोग

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कुम्हार प्रजापति समिति की मीटिंग का आयोजन रविवार को प्रजापति जीण माता मंदिर में मंडावा कुम्हार प्रजापति अध्यक्ष राजेन्द्र सनोदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यर् म में सनोदिया ने बताया कि समिति का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनका आर्थिक सहयोग किया जाए। मंदिर निर्माण कार्य को जारी रख कमरों के निर्माण कार्य के लिए समाज के भामाशाहों से आर्थिक सहयोग लिया जाए। नवनिर्मित मंदिर भवन में भगवान शंकर एवं जीण माता की मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की जाएगी। मंदिर निर्माण कार्य के लिए कमल सनोदिया, केशरदेव भोड़ीवाली एवं रामप्रसाद भोड़ीवाल के सानिध्य में अग्रिम कार्यर् म कराया जाएगा। समिति की आय बढ़ाने के लिए शादी विवाह कार्यर् म में प्राप्त जान जुहारी की राशि को मंदिर में जमा कराई जाए। समिति उपाध्यक्ष नारायण प्रसाद ने बताया कि समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर कर जागृति लाई जाए। महिलाओं के लिए मंदिर परिसर में सिलाई कला व मेहंदी कला सीखने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। कार्यर् म में नागरमल सनोदिया, नेमीचंद, अशोक सनोदिया, संदीप सनोदिया, कमल सनोदिया, संतोष कुमार, राकेश सनोदिया, गौरीशंकर, शशिकांत सनोदिया, बाबूलाल पेंशिया, मुरारीलाल सनोदिया, निलेश सनोदिया एवं आदित्य पेंशिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में भंवरलाल मारवाल समिति कोषाध्यक्ष ने आभार जताया।

## भंवरलाल बुगालिया बने सर्वसम्मति से अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ (नि.सं.)।** स्थानीय जाट भवन में चौधरी चरण सिंह किसान विकास समिति की चुनावी बैठक का आयोजन किया गया। समिति के गठन के 9 वर्ष बाद हुए चुनाव में समिति के पूर्व पदाधिकारियों और समाज के व्यक्तियों की उपस्थिति में भंवरलाल बुगालिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार मदनलाल गुलेरिया को उपाध्यक्ष, कृष्ण गोपाल गोदारा को मंत्री, पवन गोदारा को कोषाध्यक्ष, संरक्षक के रूप में हरिसिंह जानू और छोटूराम खीच? को चुना गया। समिति के नवनियुक्त समस्त पदाधिकारियों को समाज के सभी प्रबुद्ध जनों ने बधाई दी। पीथाराम गुलेरिया ने पिछले 9 वर्षों का लेखा जोखा और किए गए विकास कार्यों को समिति व समाज के समक्ष रखा। मीटिंग में प्रहलाद जाखड, भंवरलाल बिजारणिया, तेजपाल बिजारणिया, रिछपाल बिजारणिया, बजरंग गुलेरिया, नोरंग बुगालिया, नेमीचंद गुलेरिया, नोपाराम मंडा, मनोज बेनीवाल, रामेश्वर बाबरिया, नेमीचंद सारण, गोपाल खिच?, चंदू मांडियां, रामलाल निठारवाल, केसर बटेसर आदि समाजबन्धु मौजूद रहे। संचालन बनवारी खीच? ने किया। नए पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सैनिकों के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** मण्डावा विधानसभा के बिसाऊ में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सैनिकों के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा गांधी चौक से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होती हुई शहीद रामस्वरूप मुनडिया स्मारक पर समाप्त हुई। देशभर में आयोजित तिरंगा यात्राओं के हिस्से के रूप में यह आयोजन राष्ट्रीय गौरव और सैनिकों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक रहा। यात्रा में स्थानीय नेताओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख प्रतिभागियों में भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारी, लाल सैनी ,पुर्व सांसद नरेंद्र खीचड, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा, ईस तिरंगा यात्रा के संयोजक, महेन्द्र चंदवा, प्रधान गिरधारी लाल खीचड़, बिसाऊ

मंडल अध्यक्ष पवन धौलपुरिया, मण्डावा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, टाई मंडल अध्यक्ष जगमेंद्र धायल, कोलिंडा मंडल अध्यक्ष मुकेश दूत, मलसीसर मंडल अध्यक्ष अमित व्यास, कैलाश सुरा, पूर्व सैनिक संघ झुंझुनू, कैप्टन अमरचंद खेदडमहासचिव पूर्व सैनिक संघ झुंझुनू, विनोद मुंड सेंट्रल आर्म्ड फोर्सज संगठन, कैप्टन दिलसुख राह, महेंद्र सिंह लांबा, गौरव सेनानी शिक्षक संघ प्रदीप गढ़वाल, मनीराम कुमावत, सुरेंद्र कंसवा, चाँद कुमार,प्रवेश सिहाग महेंद्र सिंह गढ़वाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष भवानी शंकर महनसरिया, महामंत्री विलास सैनी, कपिलेश शर्मा, सुभाष खटीक, अभिषेक मिश्रा, विनोद प्रजापत, पार्षद परमेश्वर प्रजापत, नरेंद्र सिंह, खीवसिंह, गोपी किशन पारीक, सुरेश प्रजापत, मदन लाल सैनी, पवन मिश्रा, किशन स्वामी, गोविंद राम वर्मा, प्रमोद कसेरा, गौरी शंकर, राजेंद्र परिहार, हरिराम बालान, गोपाल प्रजापत, अदनान तंवर ,प्रताप बिदावत, बसंत चेजारा, रामसैनी, कल्याण सिंह, सुमेर सिंह चौहान, चेतन भार्गव, पप्पू भार्गव, दीनदयाल खवास, ओमप्रकाश दाधीच, मुरारी जोशी, सुरेश थाकन, जगदीश कसेरा, अमित धौलपुरिया, राजेंद्र प्रजापत, राजेंद्र माछलपुरिया, सुनील जांगिड़, संदीप खटीक, श्री किशन पारीक, रविता पातुसरीया, मनीष सोनी, अनिता, ममता सोनी, अन्जना कुलहरि, बुलकेश मुनडिया,महेश सिहाग, अदनान तंवर, राजेन्द्र माछलपुरिया, फूलचंद प्रजापत,सहित अनेक व्यक्ति शामिल रहे। यह यात्रा शहीद रामस्वरूप मुनडिया को श्रद्धांजलि अर्पित करने और ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों को स्मरण करने का एक सशक्त माध्यम रही। स्थानीय निवासियों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे सामुदायिक एकता और देशभक्ति की भावना और प्रबल हुई।

## अर्जुन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन, अंकित कुमार ने किया टॉप

### 15 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में पास की परीक्षा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)।** राजस्थान बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी परीक्षा 2025 में अर्जुन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र अंकित कुमार ने 95% अंक प्राप्त कर टॉप किया, वहीं कुल 15 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अंकित कुमार की यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

अंकित ने विज्ञान संकाय से परीक्षा दी थी और सभी विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। अन्य विद्यार्थियों में अभिजीत कुमार ने 85%, अनीशा सैनी ने 82%, कुसुम शेखावत व कुशल गोचर ने 80-80% अंक प्राप्त किए। इसके अलावा सृष्टि सिंह (78%), सानिया शेखावत (77%), प्रेम प्रकाश (77%), अमन कुमार (75%), प्रियांशु कुमावत (73%), निशा कंवर (71%), मोहित सेन (69%), युवराज सिंह (66%), उनीस शर्मा (65%) तथा साहिल सेन (60%) ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों की निष्ठा का प्रमाण है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी छात्र ऐसे ही प्रदर्शन करते रहेंगे और समाज को शिक्षित व जागरूक नागरिक प्रदान करेंगे। विद्यालय में खुशी का माहौल है और अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।

## हानिकारक रसायनों के प्रयोग की आशंका पर फलों के लिए 8 नमूने

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार फलों और सब्जियों में हानिकारक रसायनों की मिलावट के विरूद्ध ने चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रविवार को धौलपुर सब्जी मंडी परिसर में प्रतिष्ठानों निरीक्षण कर फलों की जांच की गई। जांच के दौरान मौसमी फलों के सैंपल लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि फलों को कैल्सियम कार्बाइड से फलों को पकाना खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है। कार्रवाई के दौरान मंडी परिसर स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों से फलों के कुल 8 नमूने लिए गए। ये नमूने प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे, जहां इनमें रंग, कृत्रिम मिठास और अन्य संभावित हानिकारक रसायनों की जांच की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके। साथ ही व्यापारियों को भी चेताया गया कि यदि किसी भी प्रकार की मिलावट पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मत्सूरा और मढ़ा कांकोली के पंचायत उपचुनाव के लिए चुनाव टीम को प्रशिक्षण देकर किया रवाना

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में पंचायत समिति बाड़ी की पंचायत सर्कल मत्सूरा के वार्ड 9 एवं सैंपऊ की पंचायत सर्कल मढ़ा कांकोली के वार्ड 8 के पंच निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारियों एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के कक्ष संख्या 50 में संपन्न हुआ। रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए एसएलएमटी अतुल चौहान ने लोक सूचना के सार्वजनिक स्थान पर चस्पा करने के साथ नाम निर्देशन पत्र वितरण, उनकी प्राप्ति के बाद संवीक्षा, नाम वापसी संबंधी प्रशिक्षण देते हुए नाम निर्देशन पत्र में सभी स्थानों पर हस्ताक्षर होने, क्रियाशील शौचालय की घोषणा एवं गवाह हस्ताक्षर के साथ मतदाता सूची का अवलोकन कर अभ्यर्थी के नाम और क्रमांक की भली भांति जांच करने को कहा। इस अवसर पर निर्वाचन तहसीलदार रघुवीर सिंह ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र प्राप्त कर रिटर्निंग अधिकारी को अभ्यर्थी द्वारा व्यक्तिशः 26 मई सोमवार को प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा सकेंगे। इनकी संवीक्षा मंगलवार 27 मई को प्रातः 10 बजे से होगी और अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना अभ्यर्थी द्वारा व्यक्तिशः मंगलवार को ही दोपहर 3 बजे से पूर्व देनी होगी। प्रशिक्षण में रिटर्निंग अधिकारी रघुवर दयाल शर्मा, पंकज जैन, मुकेश कुमार सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामकुमार, योगेंद्र सिंह, भूदेव सहित अतिरिक्त विकास अधिकारी होतम सिंह एवं वरिष्ठ सहायक गौरव शर्मा उपस्थित रहे।

## 'अपना कचरा - अपनी जिम्मेदारी' अभियान के तहत की सफाई

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)** नगरपालिका के सफाईकर्मियों द्वारा पिछले 12 दिनों से की जा रही हड़ताल के चलते कस्बे में जगह-जगह कूड़े-करकट व कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नालियां कीचड़ से अटी हो कर सड़ांध मारने लगी हैं।ऐसे में सफाई व्यवस्था को सुचारू करने के लिए नगरपालिका द्वारा



सुबह 6 बजे पंचायत चौक से दो घण्टे का श्रमदान कर 'अपना कचरा - अपनी जिम्मेदारी' अभियान की शुरुआत की गई।कस्बे के कई गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर मुख्य बाजार,गली-मोहल्लों में सफाई की।वहीं आमजन द्वारा अभियान में खास रुचि नहीं दिखाई गई।लोगों द्वारा कचरा इकट्ठा कर फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करने पर नगरपालिका द्वारा उन जगहों से कचरा उठवा कर निस्तारण करवाया गया।

# मुरावली गांव में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, भूमि से हटाया अतिक्रमण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिले की तहसील बाड़ी के मुरावली स्थित आराजी खसरा नंबर 672/615, 673/634, 675/614 एवं 677/616 पर किए गए 30 वर्ष से अधिक अवैध अतिक्रमण को प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही में धौलपुर जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुरावली में लंबे समय से कब्जे में पड़ी 14 बीघा भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। यह ज़मीन पूर्व सैनिक विद्याराम पुत्र जनडेल, जाति ठाकुर, निवासी ध्वजपुरा के नाम पर दर्ज है। विद्याराम भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं और उनके दोनों पुत्र वर्तमान में देश सेवा में कार्यरत हैं। तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने बताया कि यह कार्रवाई जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार की गई और इसमें पुलिस प्रशासन की सहायता से अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। इस अभियान के दौरान मौके पर जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर की सहायता ली गई। भूमि पर वर्षों से अतिक्रमण कर रखा गया था, जिसे हटाने के लिए प्रशासन को योजना बनाकर कार्य करना पड़ा। प्रशासन ने इस अभियान के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था, जिसमें पटवारी जितेंद्र सिंह मौर्य, दीपक गोद,

महावीर सिंह, और रामनिवास भादू को शामिल किया गया। टीम ने स्थानीय अधिकारियों और पुलिस बल की निगरानी में शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रूप से यह कार्यवाही पूरी की। कार्यवाही के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक कदम का स्वागत किया और जिला प्रशासन तथा पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यह जमीन वर्षों से विवादित थी और इस पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। अब प्रशासन की सक्रियता से मालिक को उसका हक मिला है और गांव में एक सकारात्मक संदेश गया है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन की यह कार्यवाही पारदर्शिता और न्यायप्रियता का प्रतीक है। इससे आमजन में विश्वास बढ़ा है कि शासन-प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर और संवेदनशील है।

## जिला प्रशासन, पुलिस एवं चिकित्सा विभाग का जिले भर में संयुक्त अभियान

### बिना लाईसेंस एवं बिना डिग्री के लोगों का इलाज करने वालों एवं बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रही पैथोलॉजी लैब्स की की जा रही है सघन चेकिंग

जयपुर टाइम्स

**(निस)।** जिला कलेक्टर श्री श्रीनिधि बीटी, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा एवं जिला सीएमएचओ श्री धर्म सिंह मीणा के निर्देशन में आज जिले भर में झोलाछाप डॉक्टरों एवं बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रही पैथोलॉजी लैब्स की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का संयुक्त अभियान शुरू किया गया इस दौरान आज जिले में विभिन्न गाँव, कस्बों, तहसील स्तर आदि पर एक साथ पुलिस, प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा एक साथ करीब 100 से अधिक अलग अलग स्थानों पर छापेमारी की गई है जिनकी प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग की टीमें कागजात, लाईसेंस आदि की जांच कर रही है, बिना किसी उचित दस्तावेज के चिकित्सकीय प्रेक्टिस करने वालों एवं बिना रजिस्ट्रेशन संचालित कर रहे व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में झोलाछाप और बिना लाइसेंस वाले



चिकित्सकों एवं लैब्स के खिलाफ उक्त कार्रवाई प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग का सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए ठोस प्रयास का हिस्सा है। पुलिस, चिकित्सा विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों ने ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर छापे मारे गए आमजन से अपील की जाती है कि जीवन अनमोल है इसलिए हमेशा अपना इलाज एवं जांच आदि लाईसेंसधारी चिकित्सक से ही कराया करें अभियान अभी जारी है।

## विश्नोई की याद में पौधारोपण

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** दिवंगत सीआई. विष्णुदत विश्नोई की पांचवीं पुण्य तिथि पर पौधारोपण किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने बताया कि अच्छे पुलिस अधिकारी की याद में पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने का काम किया गया है। आगे भी इस प्रकार के पर्यावरण सम्बंधी कार्य किए जाएंगे।

## डागा बने श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा चूरू के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** तेरापंथ भवन में रविवार को श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा चूरू के सत्र 2024-26 के लिए अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। मतदान सुबह 10 बजे से प्रारम्भ हुआ जो 2 बजे तक चला बाद में मतगणना के पश्चात परिणाम घोषित किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी ताराचंद बांठिया व सह चुनाव अधिकारी सुरेंद्र कोठारी ने बताया कि तेरापंथ सभा के अध्यक्ष पद के लिए संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया में छतर सिंह डागा को निर्वाचित घोषित किया गया है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सभी प्रक्रिया संविधान के अनुसार, निष्पक्ष रूप से व शांतिपूर्ण संपन्न करवाई गई। समाज के सभी महिला व पुरूषों ने सहयोग प्रदान किया। उन्होंने अपने सहयोगी टीम व पूरे श्रावक समाज को साधुवाद दिया व नवनिर्वाचित अध्यक्ष छतर सिंह डागा को प्रमाण पत्र दिया। साथ ही आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

## *जिले में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की चयन प्रक्रिया शुरू, 4 जून तक चलेगी आवेदन प्रक्रिया*

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में नागरिक सुरक्षा इकाइयाँ गठित किए जाने के निर्देशों के तहत जिले में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को गाँव स्तर तक सुदृढ़ करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 500 नए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के चयन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अंतर्गत चयनित स्वयंसेवकों को 10 दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए जिले के छह उपखंडों से कुल 500 स्वयंसेवकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। धौलपुर से 100, बाड़ी से 90, सैंपऊ से 80, बसेड़ी से 80, सैपऊ से 70 और राजाखेड़ा से 80 स्वयंसेवकों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत आरक्षित संख्या सहित कुल 550 अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाएगी। चयन की प्रक्रिया में ऐसे स्थानीय नागरिकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा कार्यों के लिए उपयुक्त योग्यता रखते हों। इनमें शिक्षक, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, स्वैच्छिक कार्यकर्ता, वाहन चालक, तकनीकी कर्मचारी, राजमिस्त्री, भूतपूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, स्काउट्स एवं नेहरू युवा केंद्र के सदस्य शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उपखंड स्तर पर पंजीकृत कर उन्हें 10 दिनों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए पात्र अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, वे मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम होने चाहिए, तथा उनका पुलिस सत्यापन पूर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के व्यय पर प्रशिक्षण के लिए तैयार रहना होगा। आवेदन प्रक्रिया 24 मई से शुरू हो गई है, जो 4 जून तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर उपखंड कार्यालय में जमा कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों की सूची 5 जून 2025 तक जिला मुख्यालय में प्रस्तुत की जाएगी, जिसके उपरांत प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण अवैतनिक होगा।

# चूरू रेसापी की ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव, लालचंद आलड़िया बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पी.एमश्री रा.बागला उ. मा. वि. चूरू में रेसा - पी का नव पदोन्नत प्रधानाचार्य सम्मान समारोह व रेसा पी ब्लॉक चूरू कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश सोनी प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री ने की व मुख्य अतिथि भंवरलाल गुर्जर प्रदेश अध्यक्ष रेसा वीपी रहे। निर्वाचन अधिकारी सत्यनारायण सैनी की ओर से सर्व सम्मति से निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष लालचंद आलड़िया ब्लॉक मंत्री जगदीश खेड़ीवाल, ब्लॉक कोषाध्यक्ष कुलदीप राव को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महेश सोनी, भंवरलाल गुर्जर ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि सभी को तन मन धन से संगठन हित में कार्य करना चाहिए। जिला अध्यक्ष रामकुमार खीचड़ ने जिला इकाई की ओर से संगठन में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। जिला मंत्री हरिप्रसाद टाक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर ब्लॉक चूरू से नव पदोन्नति प्राचार्य सीमा पूनिया, हंसा शर्मा, रेखा मीणा, मंजू शेखावत, कुंतेश सोनी, भंवरलाल गुर्जर, अमर सिंह कस्बा, राधेश्याम मीणा, हवासिंह सारण, आरिफ खान, अर्जुन सिंह राठौड़, श्रीसूबेसिंह, अमर सिंह कंस्वा, देवकरण सिंह, रामकुमार पूनिया को प्रतीक चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गीता भाटिया, सुनीता दादरवाल, चंद्रकला, निर्मला गहलोत चंद्रकला सिहाग, जगदीश प्रसाद प्रजापत, गोपाल सिंह राघव, महेंद्र ईसराण, लियाकत अली प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। मंच संचालन जगदीश खेड़ीवाल प्रधानाचार्य घांघू ने किया।

## जिले के टॉप-10 में शुमार 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** बिजौलियां पुलिस ने जिले के टॉप-10 में शुमार 25 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि आरोपी हरेन्द्र डारा विश्नोई मादक पदार्थ तस्करी के एक प्रकरण में लम्बे समय से फरार चल रहा था।आरोपी हरेंद्र लुहारपुरा थाना मकराना जिला डीडवाना-कुचामन का रहने वाला हैं । थानाधिकारी द्वारा गठित टीम ने एनडीपीएस एक्ट में लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी हरेन्द्र डारा को डीडवाना-कुचामन से दस्तयाब कर अनुसंधान के बाद गिरफ्तार किया गया। बिजौलियां थाना पुलिस द्वारा उक्त मामले में 3 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस टीम में थानाधिकारी लोकपाल सिंह,हेड कांस्टेबल लक्ष्मण सिंह व कांस्टेबल विश्राम जाट शामिल रहे।

## लघु उद्योग भारती की बैठक में हुई, पत्थर व्यवसाय की समस्याओं पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** लघु उद्योग भारती बिजौलियां इकाई की बैठक एक निजी रिसोर्ट में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ प्रान्त उपाध्यक्ष रविंद्र जाजू रहे व अध्यक्षता महेश हुरकुट उपाध्यक्ष चित्तौड़ प्रांत ने की।बैठक में लघु उद्योग भारती द्वारा देश भर में उद्योग हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की गई ।क्षेत्र में पत्थर व्यवसाय की समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए समाधान के उपायों पर कार्य करने हेतु विभिन्न विभागों और व्यवसायियों के मध्य समन्वय के प्रयासों को गति देने का निर्णय हुआ। चुनाव प्रभारी भगवानसिंह के सानिध्य में कार्यकारिणी के चुनाव हुए। जिसमे सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर कमल किशोर ब्रह्मभट्ट, उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, सचिव धर्मचंद कुमावत, सहसचिव अनिल नागोरी और उमेश पाराशर, कोषाध्यक्ष कल्पेश नाहर, मीडिया प्रभारी नरेश जैन को चुना गया।

## राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका चौधरी ने राहुल गांधी से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका चौधरी दिल्ली में इंदिरा भवन देश और राज्य स्तर के कांग्रेस प्रवक्ताओं की बैठक मे शामिल हुई जिसकी अगुवाई राहुल गांधी ने की बैठक में पार्टी की मौजूदा रणनीति, मीडिया कम्युनिकेशन, और आगामी चुनावों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। राहुल गांधी ने कहा कि जन मुद्दों पर प्रवक्ता मजबूती से बोलें और बीजेपी की नीतियों का तथ्य आधारित जवाब दें संदेश साफ था कांग्रेस की आवाज़ अब और धारदार होनी चाहिए मीटिंग में जयराम रमेश , पवन खेड़ा अलका लांबा, झारखंड की युवा मंत्री शिल्पा टिर्की सहित कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज शामिल हुए।

## स्थापना माह का पवित्र भंडारा मनाने उमडी साध-संगत

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** डेरा सच्चा सौदा के 77वें स्थापना माह का भंडारा रविवार को शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम डेरा सच्चा सौदा सिरसा सहित देश-दुनियां में बडी धूमधाम से मनाया गया। पावन भंडारे पर आयोजित नामचर्चा सत्संग कार्यक्रम में बढी तादाद में साध-संगत ने भाग लिया। इस अवसर पर क्लॉथ बैंक मुहिम के तहत 77 जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए। पावन भंडारे पर पहुंची साध-संगत ने धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा पवित्र इलाही नारे के साथ भंडारे की शुरुआत की व पूज्य गुरु जी को स्थापना माह के भंडारे की बधाई दी। कविराजों ने सुंदर भजनों व कव्वालियों के माध्यम से साध-संगत को निहाल किया। पावन भंडारे के अवसर पर भारतीय संस्कृति और संस्कारों को दर्शाती एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई।

## भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली सिंदूर तिरंगा यात्रा

**चूरू(निस)।** भारतीय सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के अड्डों को नष्ट करने पर रविवार को चूरू में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास से वीरगति स्मारक तक भाजपा महिला मोर्चा की ओर से सिंदूर तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति ने भारत माता की जय भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाकर देशभक्ति पूर्ण वातावरण बना दिया। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री शिखा वेद, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम सारस्वत, तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के जिला संयोजक भास्कर शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रभा धनधावत, सिंदूर यात्रा जिला संयोजक भारती मुद्गल, नेता प्रतिपक्ष विमिला गढ़वाल, रतननगर पालिका की निवर्तमान अध्यक्ष निकिता गुर्जर सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा व विभिन्न महिला संगठनों से जुड़ी हुई कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
26 मई, 2025

## पंचायती राज संस्थाओं में उपचुनाव का दिया प्रशिक्षण, आज प्रस्तुत कर सकेंगे नाम निर्देशन - पत्र

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले की चूरू पंचायत समिति की पंचायतीराज संस्थाओं में 1 जून, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 तक विभिन्न कारणों से रिक्त पदों के उपचुनाव के लिए रविवार को चूरू पंचायत समिति सभागार में प्रशिक्षण प्रदान कर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी एंव सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए रवाना किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) बिजेन्द्र सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया, नाम निर्देशन - पत्र प्राप्त करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चूरू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लाखाऊ के वार्ड संख्या 2 व 4, ग्राम पंचायत सिरसला के वार्ड संख्या 12 व ग्राम पंचायत थैलासर के वार्ड सख्या 5 के वार्ड पंच पद के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार को सवेरे 10 बजे से सायं 3 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर नाम निर्देशन - पत्र प्राप्त किए जाएंगे। प्रशिक्षण एएलएमटी भानुप्रकाश व विजयपाल ने दिया। इस अवसर पर नायब तसहीलदार चुन्नीलाल, अशोक माहिच, महेन्द्र सिंह, रजनीश सारण आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना "मन की बात" का 122 वां संस्करण

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर/रतनगढ (निस)।** भाजपा रतनगढ़ शहर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 122 वां संस्करण सुना। भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशनलाल घोड़ेला ने बताया कि पीएम मोदी ने रेडियो शो 'मन की बात' के 122 वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम हमले के जबाब में किए गए ओपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेना के वीरता व पराक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेना की जबाबी कार्यवाही से पहलगांव हमले के पीड़ित परिवारों को न्याय मिला है। ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद देश भर में तिरंगा यात्रा निकली जा रही है। उन्होंने आगामी योग दिवस के निमित योग का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए फिट इंडिया स्ट्रोंग इंडिया के मूलमंत्र को अपनाने पर जोर दिया है। भारत निर्मित उत्पादों को अधिक बढ़ावा देने के विषय को भी मन की बात कार्यक्रम में शामिल किया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, निरंजन रुन्थला, ओम महर्षि, किशनलाल सैनी, हीरालाल प्रजापत, सलीम खान, पवन महर्षि, भंवरलाल टेलर, शिवम् सुइवाल, ललित शर्मा सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## तेज अंधड़ से तबाहीः सरदारशहर में तेज आंधी से बिजली के पोल व ट्रांसफॉर्मर गिरे

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड क्षेत्र में शनिवार रात्रि को चली तेज आंधी ने भारी तबाही मचाई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के कई पोल और ट्रांसफॉर्मर जमीन पर गिर गए। इससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। गर्मी के मौसम में पहले से ही पानी की किल्लत से जूझ रहे इलाकों में बिजली गुल होने से पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी ने बिजली विभाग के कर्मचारियों को ग्रामीण इलाकों में जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। मनाफसर गांव के किसान रामेश्वरलाल भाकर ने बताया कि आंधी से नरमा की फसल जमीन पर बिछ गई है। कई जगहों पर टीन शेड भी उड़ गए हैं। एक कार पर बिजली का पोल गिरने से वाहन को भी नुकसान पहुंचा है। तहसीलदार रतनलाल मीणा और नायब तहसीलदार प्रहलाद राय पारीक नुकसान का आकलन कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में सबसे अधिक नुकसान बिजली विभाग को हुआ है।

## तूफान से तबाही,आटा फैक्ट्री को नुकसान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ में गत रात्रि को आए आंधी तूफान से काफी लोगों को नुकसान हुआ है। कई जगह टीन छप्पर उड़ गए। गांव हेमासर रोड पर स्थित सिद्धि विनायक इंडस्ट्रीज आटा फैक्ट्री के टीन शेड कई जगह से उड़ गए और आसपास के खेतों में टीन बिखर गए। अशोक प्रजापत ने बताया कि फैक्ट्री की दीवारों में भी दरारें आई हैं और लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आस-पास के खेतों से दूसरे दिन टेणों को उठा-उठाकर लाना पड़ा। दो जगहों से छत उड़ गई, जिसके कारण काफी नुकसान हुआ। कई जगह से दीवारों में दरारें आई और टीन शेड के लिए लगाए गए पिल्लर उखड़ गए। इसी प्रकार जेतासर गांव में भी तेज अंधड़ के दौरान दो लोग घायल हो गए, जिन्हें राजकीय बगड़िया अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया।

# अंचल में मौसम का कहर : अंधड़ से भारी तबाही, पेड़-पोल गिरे

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अंचल में शनिवार को दिनभर की भीषण गर्मी के बाद रात के समय मौसम ने अचानक करवट ली। रात करीब 12 बजे आए तेज अंधड़ ने जिले के कई इलाकों में भारी तबाही मचाई। जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। रविवार सुबह उमस ने लोगों को परेशान किया। वही नौतपा की शुरुआत हो गई है।

### अंधड़ का तांडव,बिजली गुल, धूल और अंधड का आगाज

तेज रफ्तार हवाओं के साथ आए अंधड़ ने क्षेत्र में जगह-जगह पेड़, बिजली के पोल, होर्डिंग्स, बैनर, टीनशेड और छप्पर उड़ा दिए। अंधड़ के चलते समूचे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और चारों ओर अंधकार व धूल का माहौल छा गया। इसके बाद कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज की गई, जिससे क्षणिक राहत मिली, लेकिन बिजली गुल रहने से गर्मी और उमस ने लोगों की परेशानियां और बढ़ा दीं। मौसम विभाग ने शनिवार को ही 'ऑरेंज अलर्ट' जारी कर जिले में उष्ण लहर, मेघगर्जन, आंधी और वज्रपात की चेतावनी दी थी। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और बिना आवश्यक कार्य के बाहर न निकलने की अपील की है। पिलानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में मामूली गिरावट के बावजूद, उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। इसके साथ ही, बिजली की अघोषित कटौती ने नागरिकों की परेशानियों में और इजाफा किया।

### कई पेड़ गिरे व घरों के टीनशेड व सोलर प्लेट उड़ी

नौतपा का आगाज गर्मी का प्रचंड दौर शुरू रविवार सुबह 9 बजकर 31 मिनट पर सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश हो गया, जिसके साथ ही नौतपा की शुरुआत हो गई।

## भाजपा नेताओं ने निकाली तिरंगा रैली

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपलक्ष में और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा रैली का आयोजन स्थानीय भाजपा मंडल द्वारा किया गया। वेंकटेश्वर मंदिर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता तिरंगा हाथों में लहराते हुए देशभक्ति गानों पर नाचते गाते चल रहे थे। रैली स्टेशन रोड़ होते हुए गांधी चौक सभा मंच तक पहुंचकर विसर्जित हुई। रैली में पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, पंचायत समिति प्रधान मनभरी देवी मेघवाल, नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, उप नेता प्रतिपक्ष रिछपाल बिजारणिया, पार्षद बाबूलाल कुलदीप, पंकज घासोलिया, नरेंद्र गुर्जर, एडवोकेट मनीष दाधीच, विजय चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित मौसूण, गंगाधर लाखन, प्रेम स्वामी, मंडल अध्यक्ष विजय माटोलिया, वैद्य भंवरलाल शर्मा, बुद्धिप्रकाश सानी, खुशीराम चांदरा, राजेंद्र दानोदिया, महेश पारीक, पार्षद दीनदयाल पारीक, रेवंतमल पंवार, पुरुषोत्तम शर्मा, गौरव इंदौरिया सहित बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए।

## चूरू जिले में तेज आंधी ने मचाई भारी तबाही, 80 खंभे और सैकड़ों पेड़ गिरे

### 15 घंटे तक कई गांवों में छाया रहा अंधेरा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में शनिवार रात आई तेज धूल भरी आंधी ने भारी तबाही मचाई। आंधी के बाद हुई बूंदाबांदी से मौसम सुहावना हो गया।जिले में आंधी से करीब 80 बिजली के खंभे गिर गए। साथ ही सात किलोमीटर की एलटी लाइन टूट गई। इससे डिस्कॉम को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। चूरू शहर में नेचर पार्क रोड और वन विभाग में कई पेड़ गिर गए। भरतिया रोड पर बिजली का खंभा टूट गया। तारानगर में आंधी से कई पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए। राजलदेसर क्षेत्र में भी स्थिति गंभीर रही। यहां पड़िहार, सिमसिया, आबड़सर, रतनादेसर, भावनदेसर समेत कई गांवों में 36 विद्युत खंभे गिर गए। इनमें 33 केवी के तीन, 11 केवी के 17 और एलटी लाइन के 16 खंभे शामिल हैं।बिजली आपूर्ति बाधित होने से राजलदेसर और पड़िहारा में चार घंटे तक अंधेरा रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 घंटे तक कटौती रही। गांव घांघू में एक खेत में बने टीन शेड की टीन उड़ गई। डिस्कॉम ने रविवार को टूटे खंभों और लाइनों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। आंधी और बारिश से तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## खाण्डल विप्र सेवा संस्थान के बद्रीप्रसाद बंशीया बने पुनः अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** स्थानीय मंगल भवन में खाण्डल विप्र सेवा संस्थान के त्रिवार्षिक चुनाव संस्थान के संरक्षक राजकुमार रिणवा, सत्यनारायण सेवदा व रघुनाथ प्रसाद जोशी के सानिध्य में हुए। इस अवसर पर निर्वतमान अध्यक्ष बद्रीप्रसाद बंशीया ने तीन वर्षों का आय- व्यय की जानकारी दी। संरक्षक सत्यनारायण सेवदा ने बंशीया का कार्यकाल में हुए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए अध्यक्ष पद पर बंशीया को पुनः अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनि मत से एक साथ समर्थन किया। संरक्षक रिणवा ने सभी की सवर्सम्मति बंशीया को पुनः अध्यक्ष बनाने की घोषणा करते हुए उन्हें माल्यार्पण कर बधाई दी। इस अवसर पर निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष बंशीया ने सभी समाज के लोगों व पूर्व कार्यकारणी सदस्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से मुझे पुनः अध्यक्ष पद का भार मिला है। मैं आपके सहयोग से संस्थान के निरंतर विकास के लिए प्रयास करुंगा। इस अवसर पर भागीरथ प्रसाद चोटिया, गंगाधर काछवाल, महाबीर प्रसाद भुढाढरा, हरिप्रसाद मंगलहारा, बुद्धमल माटोलिया, ओमप्रकाश मंगलहारा, बनवारीलाल बील, कैलाशचंद्र नोहाल, श्याम सुंदर जोशी, मनोज जोशी, पवन माटोलिया, घनश्याम मंगलहारा, पंकज जोशी, हरिशंकर मंगलहारा, रामकिशन नोहाल, मुकेश रिणवा, हिरालाल नोहाल, आषुतोष पुरोहित, नथमल जोशी, शशिकुमार नोहाल, दिपक डिडवानिया, चांदरतन रिणवा, श्याम सुंदर माटोलिया, एडवोकेट देवेंद्र चोटिया, श्रवण काछवाल व मधुसूदन माटोलिया आदि ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष बंशीया का माल्यार्पण करते हुए बधाई दी। कार्यक्रम का मंचिय संचालन नन्द किशोर माठोलिया ने किया।

## प्रतिभाओं को किया सम्मानित, समाज के युवाओं के लिए बताया प्रेरणास्त्रोत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** डॉ अम्बेडकर अनुसुचित जाति अधिकारी - कर्मचारी एसोसिएशन (अजाक) रतनगढ़ के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष अशोक कुमार आलडिया की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय के पास स्थित बाबा साहेब की स्टेच्यू पर कक्षा 12 वीं में 95 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ में ही रतनगढ़ सीबीईओ पद पर संदीप कुमार व्यास के कार्यग्रहण करने पर पंचशील दुपट्टा व माला, शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतनगढ़ सीबीओ संदीप कुमार व्यास ने रतनगढ़ क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने वाले होनहार छात्रों को बधाई देते हुए उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सेवानिवृत्त डीईई ओ मोहम्मद अनवर कुरैशी, अनुसुचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक महासंघ जिला अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, एसी एसटी अत्याचार निवारण संस्थान जिला अध्यक्ष अनिल कुमार जावां रहे। हेमंत कुमार पुत्र ओमप्रकाश गुरावा ने विज्ञान संकाय 97.80 % अंक प्राप्त किए है। जगदीश प्रसाद मेघवाल पुत्र गिरधारी लाल मेघवाल निवासी भानुदा ने कला संकाय में 95.20 अंक प्राप्त किए है। प्रतिभाओ का सम्मान बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्टेचू सर्किल के सामने किया। सम्मान में माला, अभिनंदन पत्र, बाबा साहेब की लाइफ एंड मिशन बुक, अमर शहीद राजाराम मेघवाल की बुक व मिठाई खिलाकर किया। उन्होंने कहा कि ये समाज कि वो प्रतिभा है जिनके माता पिता मजदूरी का कार्य करते है। बड़ी मुश्किल हालत में भी कठिन मेहनत कर इनको पढ़ रहे है। इन्होंने तहसील का नाम रोशन किया है। इनका संघर्ष सभी समाजो के सामने अतुलनीय रहा है। कार्यक्रम में अजाक कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बुनकर, श्रवण कुमार सोडा, डॉ चेतन चौहान, पूर्णमल दानोदिया, नन्दलाल झाझड़िया,नायब तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद गाडगिल, बीरबल राम सांसी, हरबंस जानू, हनुमानराम न्योल, रामनिवास तालनिया, ओमप्रकाश गुरावा, गौरीशंकर सैनी, हनुमानराम छाबड़ी, अनिल, मंगतूराम मंडीवाल, संदीप धनिया, गिरधारीलाल मेव, पोकरमल, पूर्णाराम,ओमप्रकाश सोडा, मदनलाल मेघवाल, भोला राम इंदलिया, देवकरण सोडा, डूंगरमल, पुरुषोत्तम लाल शीला, ग्यारसी लाल करणावत, प्रकाश सोडा, सुरेन्द्र कुमार इंदलिया, धर्मचंद मेघवाल प्रमोद कुमार, मुकेश कुमार सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रिखाराम तालनिया ने किया।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र छात्राओ का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** श्री चिरंजीलाल धानुका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ़ व श्री दुर्गा प्रसाद धानुका बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ़ का कक्षा 12 वीं परीक्षा परिणाम हर वर्ष की भांति नगर में श्रेष्ठ रहा है। मंचस्थ शिव प्रसाद (मंत्री, अखिल भारतीय विद्या भारती), त्रिविक्रम अपूर्वा (जिला सचिव, आदर्श शिक्षण संस्थान, चूरू), विद्यालय व्यवस्थापक रामोतार शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शिव प्रसाद भाई साहब ने सभी भैया बहिनों और आचार्यो को बधाई और शुभकामनाएं दी। मंचस्थ अतिथि की ओर से भैया बहिनों और अभिभावकों को माला पहनाकर व् मिठाई खिलाकर स्वागत किया। छात्र अर्जुन ढाका ने विज्ञान वर्ग में 98.60 अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंकित राठौड़ ने विज्ञान वर्ग में 97.20, चमन ठठेरा ने वणिज्य वर्ग में 96, दिव्यांशु सेवदा ने विज्ञान वर्ग में 95.60, दिव्यांशु प्रजापत ने विज्ञान वर्ग में 95.20, आदित्य सोलंकी ने विज्ञान वर्ग में 92.80, दलीप कुमार लोहिया ने वणिज्य वर्ग में 92.80, जय प्रकाश शर्मा ने विज्ञान वर्ग में 90.60, चंचल सोनी ने कला वर्ग में 90.40, कोमल चांडक ने कला वर्ग में 90.20, आनन्द स्वामी ने विज्ञान वर्ग में 89.20, नरेश तेतरवाल ने विज्ञान वर्ग में 87.40, एकता सारस्वत ने वणिज्य वर्ग में 86.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रतनगढ़, विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य लोकेश कुमार चौमल, बालिका व्यवस्थापिका जमुना देवी, नरेन्द्र कुमार चौमल, नागरमल प्रजापत, अनीता वर्मा, भारती शर्मा और विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्तिथ रहा। कार्यक्रम का संचालन रंजना इंदोरिया ने किया।

## बर्तन बैंक का शादियों में दिख रहा सकारात्मक प्रभाव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा में विगत दिवस में प्लास्टिक उन्मूलन के लिए शुरू की गई बर्तन बैंक के सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने लगे हैं। ग्रामीण हुकमाराम मेघवाल ने अपने पुत्र गोपाल मेघवाल की शादी में श्री गणेश समूह से पंचायत में स्थापित बर्तन बैंक से बर्तन किराए में लेकर प्लास्टिक के खिलाफ लड़ाई में बिगुल बजाया। गोपाल के बड़े भाई तिलोकाराम ने बताया कि इस कार्य से जहां प्लास्टिक के कचरे से निजात प्राप्त हुई और डिस्पोजल प्लास्टिक आइटम के खर्चे में भी कटौती हुई है। सरपंच सविता राठी की ओर से प्रेरित करके बचत की राशि से 11000 रु. का गायों को चारा भी मेघवाल परिवार की ओर से देने की घोषणा करवाई गई। शादी समारोह में विधायक मनोज मेघवाल, भाजपा नेता संतोष मेघवाल, खेमाराम मेघवाल सहित अनेक लोगों ने शिरकत की।

## चाची ने करवाया भतीजी का दुष्कर्मः अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** नवलगढ़ में एक 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। चाची ने पहले भतीजी का अश्लील वीडियो बनाया और फिर उसे ब्लैकमेल कर दो युवकों से दुष्कर्म करवाया। 19 मई को चाची ने मायके जाने का बहाना बनाकर पीड़िता को अपना मोबाइल नंबर दिया। चाची ने पीड़िता को बुआ के लड़के के साथ सांइस पार्क आने को कहा। एक युवक बाइक पर आया और पीड़िता को नवलगढ़ के एक होटल ले गया। वहां चाची और एक अन्य युवक पहले से मौजूद थे। इसके बाद होटल के एक कमरे में ले गए, वहां पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। परिवार के फोन करने पर चाची ने बच्ची के बारे में जानकारी होने से इनकार कर दिया। एक आरोपी युवक पीड़िता को घर के पास छोड़कर फरार हो गया। 23 मई को पीड़िता ने परिवार को पूरी घटना बताई। चाची और दोनों युवकों ने उसे वीडियो इंटरनेट पर डालने की धमकी दी थी। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। डीएसपी राजवीरसिंह के नेतृत्व में पुलिस जांच कर रही है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। पुलिस ने होटल से सबूत जुटाए हैं और सीसीटीवी फुटेज की जांच की है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।